# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026




# रायपुर साहित्य उत्सव 2026





'पुरखौती मुक्तांगन में बसंत पंचमी के अवसर पर शुरू हुए तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का उल्लास चरम पर रहा। साहित्य की हर विधा से प्रबुद्ध वक्ताओं को जोड़ने के लिए तैयार किए गए मंडप में श्रोताओं के बीच सन्नाटा जरूर पसरा था, लेकिन श्रोताओं के चेहरे पर चिंतन के भाव उन्हें सजाए गए मंडप में जारी वक्तव्य से एक पल के लिए भी अलग नहीं होने दे रहे थे। वहीं साहित्य उत्सव के इस उत्सव में आदिवासी कला, पेंटिंग में जीवन के सहज भाव लोगों को प्रदर्शनी की ओर आकर्षित कर रहे थे। गुणी कलाकार भी अपनी कला से लोगों को जोड़ने का प्रयास करते नजर आए।'

### पुरखौती मुक्तांगन में रायपुर साहित्य उत्सव का अतिथियों ने किया आगाज, चार मंडपों में विद्वान वक्ताओं की चर्चा

## साहित्य उत्सव में कलमकारों ने 'आदि से अनादि तक' बदलाव को प्रबुद्ध श्रोताओं के बीच किया साझा

**रायपुर।** नवा रायपुर का पुरखौती मुक्तांगन शुक्रवार को साहित्य जगत के चर्चित कलमकारों की मौजूदगी से गुलजार रहा। रायपुर साहित्य उत्सव का आगाज होने के साथ ही आदि से अनादि तक थीम को सार्थक रूप दिया। इस उत्सव का आगाज सुबह 11 बजे पं. विनोद कुमार शुक्ल मंडप में किया गया। जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मुख्य अतिथि रहे और अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की कुलपति डॉ. डॉ. कुमुद शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपनी विशिष्ट शैली में धाराप्रवाह बोलने वाले वक्ताओं को सुनने के लिए हर वर्ग के श्रोताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मंच से उतरते देख साहित्यकारों के साथ फोटो सेशन के लिए भी साहित्य से जुड़े लोगों का उत्साह चरम था।



### अलग-अलग मंडप में शुरू हुए सत्र रहे रोचक

अतिथियों एवं साहित्यकारों ने अलग-अलग सत्रों में सहभागिता देने के लिए सजाए गए मंडप में मंच साझा करते हुए समकालीन साहित्य, संस्कृति, लोकतंत्र और समाज से जुड़े विषयों पर वैचारिक मंथन किया। इसमें साहित्य प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशेष रूप से युवावर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। रायपुर साहित्य उत्सव-2026 का यह शुभारंभ साहित्यिक संवाद, विचारों के आदान-प्रदान और सांस्कृतिक चेतना के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम सिद्ध हो रहा है। इसमें महिलाओं की भागीदारी सजाए गए स्टाल्स से लेकर अलग-अलग विषयों पर हुए संवाद के मंच ही नहीं, श्रोता दीर्घा में भी देखने को मिली।

## वाचिक परम्परा में साहित्य पर की गई सार्थक चर्चा

वाचिक परम्परा केवल अतीत की धरोहर ही नहीं है, बल्कि समकालीन साहित्य और समाज को समझने की सशक्त कुंजी है। रायपुर साहित्य उत्सव के अंतर्गत "आदि से अनादि तक" थीम पर साहित्य श्रृंखला में लाला जगदलपुरी मंडप में द्वितीय सत्र की चर्चा में सत्र "वाचिक परम्परा में साहित्य" विषय पर गहन चिंतन के साथ संवादों का सिलसिला शुरू हुआ। इस परिचर्चा में साहित्यकार रुद्रनारायण पाणिग्रही, शिवकुमार पांडे, डॉ. जयमती और सुधीर पाठक ने अपने विचार साझा किए। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेंद्र मिश्र ने की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में वाचिक परम्परा की अलग-अलग विधाओं और उनके साहित्यिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि दशकों पहले दादी-दादियों द्वारा सुनाए गए किस्से और कहानियां वाचिक परम्परा का हिस्सा रही हैं।



## सदियों से समाज की सांस्कृतिक स्मृति को संरक्षित करता आ रहा है साहित्य

डॉ. महेंद्र मिश्र ने कहा कि वाचिक परम्परा केवल अतीत की धरोहर नहीं है, बल्कि यह समकालीन साहित्य और समाज को समझने की कुंजी है। बदलते समय में वाचिक परम्पराओं का संरक्षण, दस्तावेजीकरण और नई पीढ़ी तक उनका संवेदनशील हस्तांतरण आवश्यकता बन गया है। वक्ताओं ने वाचिक परम्परा को भारतीय साहित्य की मूलधारा बताते हुए कहा कि लोकगीत, लोककथाएं, कहावतें, मिथक और जनश्रुतियां सदियों से समाज की सांस्कृतिक स्मृति को संरक्षित करती रही हैं। उन्होंने कहा कि लिखित साहित्य के उद्भव से पहले वाचिक परम्परा ही ज्ञान, इतिहास, जीवन मूल्यों और सामाजिक अनुभवों के संचार का माध्यम रहा है, जिसने पीढ़ी-दर-पीढ़ी चेतना को जीवित रखा है।



## डिजिटल साहित्य प्रकाशकों के लिए चुनौती



साहित्य उत्सव की श्रृंखला में पहले सत्र में अनिरूद्ध नीरव मंडप में सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए डॉ. सुधीर शर्मा ने ख्यात प्रभात प्रकाशन के प्रभात कुमार से परिचर्चा के लिए तय विषय-डिजिटल साहित्य प्रकाशकों के लिए चुनौती पर चर्चा शुरू की। इसमें उन्होंने बताया कि समय के साथ तकनीकी रूप से बेहतर हुए हैं। डिजिटल साहित्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल तेजी से किया जाने लगा है। ऐसे दौर में अच्छे साहित्य की परख करना बड़ी चुनौती है। पहले संसाधन का अभाव चुनौती हुआ करती थी, अब इसके मायने भी बदल चुके हैं। दोनों ही वक्ताओं ने अपने 40 साल के अनुभव को श्रोताओं के बीच साझा किया। पत्रकारिता से जुड़े छात्र-छात्राओं ने उनके संवादों को श्रोताओं के बीच पाइंट आउट किया।

### साहित्य मुखर होकर समाज के बीच पहुंच रहा

परिचर्चा में महिला सशक्तिकरण, समानता, सामाजिक न्याय और बदलते पारिवारिक व सामाजिक ढांचे जैसे विषयों पर गंभीर विमर्श का सिलसिला श्रोताओं के बीच संवादों के जरिए आगे बढ़ा। इस बात पर बल दिया गया कि महिला लेखन ने साहित्य में नई भाषा, अनुभव और नए सरोकार जोड़े हैं, इससे साहित्य अब ज्यादा समावेशी बन गया है। महिला साहित्यकारों ने संवाद के दौरान बताया कि महिलाएं अब अपनी मर्म को खुद शब्दों का जामा पहना रही हैं। इससे साहित्य ज्यादा मुखर होकर समाज के बीच पहुंच रहा है। साहित्य के क्षेत्र में कई चर्चित हस्ताक्षर देश की दशा और दिशा तय करने के लिए रास्ता भी दिखा रही हैं। इसे सकारात्मक रूप में समाज देख रहा है।



## समकालीन महिला लेखन विषय पर सार्थक संवाद



लाला जगदलपुरी मंडप में आयोजित साहित्यिक संवाद के प्रथम सत्र में "समकालीन महिला लेखन" विषय पर सार्थक परिचर्चा का दौर श्रोताओं के बीच चला। इसमें इंदिरा दांगी, श्रद्धा थवाईत, जया जादवानी और सोनाली मिश्र ने सहभागिता निभाते हुए महिला लेखन की बदलती भूमिका और उसकी सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार रखे। वक्ताओं ने समकालीन महिला लेखकों की भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ ही समाज के यथार्थ, संघर्ष, असमानताओं और संवेदनाओं को सशक्त रूप में सामने लाने का मंच चुका है। अब स्त्री लेखन आत्म कथात्मक होने के साथ सामाजिक बदलाव को भी प्रतिबिंबित कर रहा है, जो लोगों को सोचने और प्रश्न करने के लिए आंदोलित करता है।



## कविता की नई चाल पर अतिथियों के संवाद

श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप में दूसरे सत्र में परिचर्चा-कविता की नई चाल जैसे विषय पर संवाद का हिस्सा बनने के लिए मौजूद श्रोताओं को डॉ. कुमुद शर्मा-कुलपति वर्धा, बुद्धिनाथ मिश्र-देहरादून, डॉ. इंदशेखर-जयपुर ने परिचर्चा में भाग लिया। सूत्रधार की भूमिका में डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने विषय बोध करवाने के लिए श्री मिश्र से आग्रह किया तो उन्होंने हास्य-परिहास का माहौल देते हुए कहा कि इस पैनल में मुझे गणेश के रूप में अवसर देने के लिए धन्यवाद, इससे मंडप में कुछ पल के लिए हंसने का अवसर मिला। संवाद के बीच अतिथियों ने कविता की प्रस्तुति, लेखन और विकास पर प्रकाश डाला।



### परतंत्र भारत को स्वतंत्र करवाने का शुरू हुआ क्रम

श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप में सत्र के पहले चरण में संवाद-वंदेमातरम भारत के स्व-जागरण का प्रवाह विषय पर वक्ता के रूप में जे. नंदकुमार और डॉ. एडीएन बाजपेयी ने कहा कि साहित्य की ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वंदेमातरम को गाते हुए परतंत्र भारत को स्वतंत्र करवाने का क्रम शुरू हुआ, जिसे देश के राष्ट्रीय गीत का गौरव प्राप्त है। वंदेमातरम की रचना प्रसिद्ध बंगाली साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। उन्होंने इसे 1870 के दशक में संस्कृत और बंगाली मिश्रित भाषा में लिखा, जिसे बाद में उनके 1882 में प्रकाशित प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरणा का एक प्रमुख स्रोत बना। साहित्यकारों ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जिसे हम सहज प्राप्त करते हैं, उसकी महत्ता का एहसासा जरूरी है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

# रायपुर में फिर दिखा क्रिकेट का जुनून, नीले रंग में रंगा स्टेडियम, यादगार रहा 100वां मैच

- भारत ने 15.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 209 रन का लक्ष्य आसानी से किया हासिल
- मैच देखने पहुंचे 55 हजार से अधिक दर्शक, रायपुर में इंडिया की दूसरी जीत
- टॉस जीतकर भारत ने लिया था पहले गेंदबाजी का फ़ैसला, रायपुर में ओस ने दोनों टीम को किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए टी-20 मुकाबले में शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम एक बार फिर दर्शकों के शोर से गूंज उठा। टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने मैदान में उतरी टीम इंडिया को न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में रन का 209 का टारगेट दिया। पहली पारी में चौके 21 और छक्के 8 लगे। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 15.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 209 रन का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन ने अर्धशतकीय पारी खेली। सूर्या ने 37 गेंद में 82 रन वहीं ईशान ने 32 गेंद में 76 रनों का योगदान दिया। शिवम ने भी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### पांच मैचों की सीरीज में अब भारत 2-0 से आगे



### रायपुर में भारतीय धरती पर खेला गया 100वां टी-20 इंटरनेशनल मैच

*हजारों की संख्या में उमड़े क्रिकेट प्रेमियों की नीली जर्सी स्टेडियम में छाई रही । फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ी हार्दिक, सूर्या और अभिषेक शर्मा की जर्सी पहनकर टीम इंडिया का समर्थन करने पहुंचे थे। रायपुर में लगातार दूसरे महीने हुए इस मैच को लेकर दर्शकों में गजब का उत्साह देखने को मिला। यह मुकाबला टीम इंडिया के लिए* ▶▶| शेष पेज 8 पर

### मैच से पहले टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने की बार नवापारा और जंगल सफारी की सैर




ठंड में पहुचे बारनवापारा

*रायपुर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी-20 मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य का दौरा किया। टीम के प्रमुख खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह और कुलदीप यादव ने यहाँ जंगल सफारी* ▶▶| शेष पेज 8 पर

टीम इंडिया के खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ की आबो-हवा खूब रास आ रही है। टीम के स्टार खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह और कुलदीप यादव, जिन्हें पहले से ही प्रकृति और जंगलों से गहरा लगाव है, इसलिए यहाँ भी जंगल सफारी का मौका नहीं छोड़ा। ▶▶| शेष पेज 8 पर

आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹116225/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹141950/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹154952/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur

साहित्य आशा, साहस और सामाजिक चेतना जागृत करने का सबसे सशक्त माध्यम : उप सभापति हरिवंश

# सीएम साय बोले- राष्ट्र निर्माण में साहित्य की हमेशा रही बड़ी भूमिका

*नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में शुक्रवार को रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन विनोद कुमार शुक्ल मंडप में किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की कुलपति डॉ. कुमुद शर्मा तथा सुप्रसिद्ध रंगकर्मी एवं अभिनेता मनोज जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय तथा छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप सभापति श्री हरिवंश ने अपने संबोधन की शुरुआत छत्तीसगढ़ के महान साहित्यकार स्वर्गीय विनोद कुमार शुक्ल को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी साहित्य की एक समृद्ध और प्राचीन परंपरा रही है तथा इस प्रदेश ने अपनी स्थानीय संस्कृति को सदैव मजबूती से संजोकर रखा है। रायपुर साहित्य उत्सव के आयोजन में अत्यंत रचनात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

उन्होंने कबीर के काशी से गहरे संबंधों का उल्लेख करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा से भी उनका विशेष जुड़ाव रहा है। उप सभापति श्री हरिवंश ने कहा कि एक पुस्तक और एक लेखक भी दुनिया को बदलने की शक्ति रखते हैं। उन्होंने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि साहित्य ▶▶| शेष पेज 8 पर

### रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का हुआ भव्य शुभारंभः देशभर के 120 साहित्यकार करेंगे विचार-विमर्श






### साहित्य का महाकुंभ-साव

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित इस उत्सव को साहित्य का महाकुंभ बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती ने हिंदी साहित्य को अनेक महान पुरोधा दिए हैं। वहीं डॉ. कुमुद शर्मा ने कहा कि अमृतकाल में आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी का संकल्प हमारे उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने साहित्य को आत्मबोध और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम बताया तथा भारत को मानवीय संस्कृति की टकसाल कहा।

### इनका विमोचन

उद्घाटन अवसर पर अतिथियों के करकमलों से छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आधारित पुस्तिका, एक कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य के साहित्यकार, जे. नंदकुमार द्वारा लिखित पुस्तक नेशनल सेल्फहुड इन साइंस, प्रो. अंशु जोशी की पुस्तक लाल दीवारें, सफेद झूठ तथा राजीव रंजन प्रसाद की पुस्तक तेरा राज नहीं आएगा रे का विमोचन किया गया।

सभी इनामी, हथियारों के साथ सरेंडर

# हार्डकोर 9 नक्सलियों के समर्पण के साथ धमतरी भी नक्सल मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

खास खबर

शासन द्वारा प्रतिबंधित ओडिशा राज्य कमेटी के धमतरी जिले में सक्रिय रहे अलग-अलग डिविजन व एरिया कमेटी के 9 नक्सलियों ने शुक्रवार को आईजी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इसी के साथ धमतरी जिला नक्सलमुक्त हो गया है। जिले में सक्रिय समस्त माओवादी एरिया कमेटियों को संपूर्ण रूप से समर्पण कराने के लिए शासन के आत्मसमर्पण व पुलिस नीति के माध्यम से लगातार अपील की जा रही थी। धमतरी पुलिस की टीम, डीआरजी एवं सीआरपीएफ द्वारा चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत प्रतिबंधित संगठन ओडिशा राज्य कमेटी के धमतरी गरियाबंद नुआपाड़ा डिविजन के नगरी एरिया कमेटी, सीतानदी एरिया कमेटी, मैलनपुर एलजीएस तथा गोबरा एलओएस के सक्रिय 47 लाख के ईनाम 9 हार्डकोर नक्सलियों ने हिंसा एवं विनाश का मार्ग को त्याग कर अपने आटोमेटिक हथियार के साथ शुक्रवार को जिला पुलिस कार्यालय में रायपुर रेंज के आईजी अमरेश कुमार मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार व सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आईजी ने आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की पुलिस योजना ▶▶| शेष पेज 8 पर



### इन नक्सलियों ने डाले हथियार

समर्पण करने वालों में ज्योति उर्फ जैनी उर्फ रेखा सीतानदी एरिया कमेटी सचिव, ऊषा उर्फ बलम्मा डीजीएन, रामदास मरकाम उर्फ हिमांशु पूर्व गोबरा एलओएस कमांडर, रोनी उर्फ उमा सीतानदी एरिया कमांडर, निरंजन उर्फ पोहिया सीनापाली एमसीएम टेक्निकल, सिंधु उर्फ सोमड़ी एसीएम, रीना उर्फ चिरो एसीएम सीनापाली एरिया कमेटी, अमीला उर्फ सन्नी मैनपुर एलजीएस व लक्ष्मी पूनेम उर्फ आरती शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 47 लाख का इनाम था।

### नौ ने किया आत्मसमर्पण : आईजी

पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 9 नक्सली जो कुछ देर पहले जिले में सक्रिय थे, कानून व सुरक्षा बलों के विरोध में लड़ाई लड़ रहे थे, उन लोगों ने आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया। उनके मुख्यधारा में लौटने पर हम स्वागत करते हैं। इनमें 7 महिला व 2 पुरूष नक्सली हैं। इनके ऊपर 47 लाख का ईनाम था। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुलिस योजना का पूरा लाभ दिया जाएगा। इसी के साथ धमतरी जिला भी नक्सल मुक्त हो गया है।

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के छह जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर प्रशासन ने ताजा हिमपात के मद्देनजर छह जिलों में हिमस्खलन के खतरे की चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों में मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में 2,300 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन की अधिक आशंका है। उन्होंने जम्मू क्षेत्र के रामबन, डोडा, किश्तवार और पुंछ जिलों और उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में भी चेतावनी दी गई है।

### कर्नाटक में दो वाहनों की टक्कर में तीन की मौत

**उडुपी।** उडुपी जिले में सुबह एक बस और पर्यटकों के एक वाहन के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में कई अन्य लोग भी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मियार के पास करकला-बजागोली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई टक्कर इतनी भीषण थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### कठुआ में मारा गया जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने मारे गए आतंकवादी की पहचान जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर उस्मान के रूप में की। आतंकवादी के पास से एम4 स्वचालित राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। एक संयुक्त अभियान के दौरान सेना व पुलिस ने कई आतंकवादियों को घेरे रखा है।

श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी

# चारधाम के कपाट इस बार 11 दिन पहले 19 अप्रैल को खुलेंगे

**देहरादून।** इस साल चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है क्योंकि इस साल पिछले साल की तुलना में 11 दिन पहले यह पवित्र शुरू होगी। अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026 को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। बद्रीनाथ धाम का कपाट 23 अप्रैल को खुलेगा। आपको मालूम हो कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड के चार पवित्र तीर्थों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और ▶▶| शेष पेज 8 पर

### मोबाइल ले जाने पर रोक

चारधाम यात्रा के दौरान वीडियो, रील और व्लॉग बनाने को लेकर लगातार विवाद सामने आने के बाद अब श्रद्धालु केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के मंदिर परिसरों में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं कर पाएंगे। मंदिर समिति और ▶▶| शेष पेज 8 पर

# हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद आज, होगी अहम मुद्दों पर चर्चा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 24 जनवरी शनिवार को महात्मा गांधी कलामंदिर सेक्टर 6 में जिला संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शाम 4 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल पूरे होने पर जिले के विकास में कारगर साबित हो रहीं योजनाओं विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी। आयोजन में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, जिले के विधायक ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन, देवेंद्र यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय और ताम्रध्वज साहू अपनी बात विशेष रूप से रखेंगे। साथ ही साथ भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल, भिलाई चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे, और दुर्ग नगर निगम की महापौर ▶▶| शेष पेज 8 पर

# अंबानी के 'धोखे' पर सुप्रीम सख्ती जवाब के लिए दिया आखिरी मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज उद्योगपति अनिल अंबानी और उनके रिलायंस समूह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों को नया नोटिस जारी किया है। अदालत ने इसे जवाब दाखिल करने का 'आखिरी मौका' बताया है। साथ ही, जांच एजेंसियों सीबीआई और ईडी को कथित बैंकिंग और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की ▶▶| शेष पेज 8 पर



### इतिहास का सबसे बड़े घोटाले का आरोप

याचिकाकर्ता ईएएस शर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट में सनसनीखेज दावे किए हैं। भूषण ने आरोप लगाया कि यह संभवतः भारत के इतिहास की सबसे बड़ी कॉर्पोरेट धोखाधड़ी है। उनके मुताबिक, यह जालसाजी साल 2007-08 से ही जारी थी, लेकिन इस पर एफआईआर साल 2025 में जाकर दर्ज हुई।




हाईकोर्ट जज से सीमा में रहने को कहने वाले वकील को लगाई फटकार

# वकील पर भड़के सीजेआई, बोले- 'अगर वे आंख दिखाना चाहते हैं तो दिखाने दीजिए, हमें पता है इससे कैसे निपटना है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

झारखंड हाईकोर्ट में जज के साथ अभद्रता करने वाले एक वकील को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। अदालत में जज को 'सीमा पार न करने' की चेतावनी देने वाले वकील के खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी हुआ था। इस मामले की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने वकील को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा अगर वह वहां आंख दिखाना चाहते हैं...तो दिखाने दीजिए, फिर हम देखेंगे। हमें पता है इससे कैसे निपटना है।''



### बिना शर्त माफी मांगें वरना .... : सीजेआई

सीजेआई ने एडवोकेट महेश तिवारी के व्यवहार पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि अगर वकील माफी मांगना चाहते हैं, तो उन्हें बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए अन्यथा उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पेश हुए वकील ने कहा कि एड. तिवारी माफी मांगने को तैयार हैं।

### झारखंड हाईकोर्ट में आखिर क्या हुआ था?

यह पूरा विवाद बीते साल 16 अक्टूबर का है। वकील महेश तिवारी झारखंड हाईकोर्ट में एक विधवा महिला का केस लड़ रहे थे। बकाया बिजली बिल के कारण महिला का कनेक्शन काट दिया गया था। सुनवाई के दौरान बहस इतनी बढ़ गई कि तिवारी ने जस्टिस राजेश कुमार को उंगली दिखाते हुए 'सीमा न लांघने' की बात कह दी।

### जज से कहा था- मैं ऐसे ही बहस करूंगा

वकील ने जज से कहा, "मैं अपनी तरह से बहस करूंगा। किसी वकील को अपमानित करने की कोशिश न करें।" इसके बाद हाईकोर्ट की बेंच ने इसे कोर्ट की तौहीन माना और अवमानना का नोटिस जारी कर दिया। दरअसल, अदालत की कार्यवाई के दौरान वकील ने कथित तौर पर जज से कहा था- हद पार मत करिए।

### माफी मांगने पर मिल सकती है राहत

*हालांकि, सख्त रुख अपनाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में थोड़ा नरम रुख भी दिखाया है। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट से कहा है कि यदि वकील अपनी गलती स्वीकार करते हैं और बिना शर्त माफी मांग लेते हैं, तो उनके प्रति सहानुभूति बरती जाए। फिलहाल, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली बेंच इस अवमानना मामले की निगरानी कर रही है।*

## देश में मौसम ने बदली करवट, कई राज्यों में बारिश

## कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में जमकर स्नोफॉल

# पहाड़ों पर बर्फबारी...


उत्तरकाशी, उत्तराखंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। स्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने से राजस्थान, यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में जोरदार बारिश हुई है वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का नया दौर शुरू हो गया है। कश्मीर से लेकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में जबरदस्त बर्फबारी देखने को मिल रही है। ताजा बर्फबारी जहां थोड़ी राहत लेकर आई तो इससे कुछ आफत भी आई. कई जगहों पर पर्यटक फंस गए हैं. बर्फबारी के बाद मनाली की सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। गुरुग्राम में भी बारिश के चलते जाम लग गया।


पुलवामा, कश्मीर

**श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच बर्फ की चादर , वैष्णो देवी यात्रा भी रोका गया :** रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है। इसके चलते सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कटरा में बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया। राजौरी, पुंछ और कठुआ जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं।


बड़गाम, कश्मीर


मसूरी

## खबर संक्षेप

### महुआ मामले में लोकपाल को मिला अतिरिक्त समय



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि लोकपाल को कानून के मुताबिक इस मामले पर फैसला लेना होगा। जस्टिस अनिल क्षत्रपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा- लोकपाल को 2 महीने का अतिरिक्त समय दिया जाता है, वे फैसला करें सीबीआई इस मामले में कानूनन चार्जशीट दाखिल करे या नहीं करे। बेंच ने कहा कि केस खत्म करने का समय 2 महीने बढ़ाया जाता है। समय बढ़ाने पर कोई और रिक्वेस्ट नहीं स्वीकारेंगे।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने हटा दिया बाइक टैक्सी से बैन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में अब बाइक टैक्सी चल सकेंगी। शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को परमिट जारी करने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस विभु बखरू और जस्टिस सी एम जोशी की बेंच ने सुनवाई की। बेंच ने कहा- ओला, उबर समेत एप बेस्ड एग्रीगेटर कंपनियों की अर्जी स्वीकारी गई है। मौजूदा कानूनों के तहत जरूरी परमिशन पर बाइक को ट्रांसपोर्ट व्हीकल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। बेंच ने कहा है कि बाइक टैक्सी चलाने वाले वाहन मालिकों या एग्रीगेटर कंपनियों को जरूरी लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा।

### अंडमान का नाम 'आजाद हिंद' करें पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर तेलंगाना जागृति की संस्थापक के. कविता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र में के.कविता ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सम्मान देने के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का नाम बदलकर 'आजाद हिंद' करने की मांग की है। बता दें, के. कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी हैं। के. कविता ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आजाद हिंद की ऐतिहासिक विरासत का सम्मान करना है।

## पीएम मोदी ने विस चुनाव से पहले मदुरंतकम में साधा निशाना

# 'डीएमके नहीं यह 'सीएमसी', इसके कुशासन से मुक्ति चाहता है तमिलनाडु'

*तमिलनाडु में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पीएम मोदी ने मदुरंतकम में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राज्य की सत्ताधारी डीएमके (डीएमके) सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने इस रैली को तमिलनाडु में बदलाव का शंखनाद बताते हुए कहा कि राज्य की जनता अब डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहती है और भाजपा-एनडीए गठबंधन उनकी पहली पसंद बनकर उभरा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

.नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म-जयंती के अवसर पर मदुरंतकम पहुंचे प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत नेताजी और तमिलनाडु के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करके की। प्रधानमंत्री ने डीएमके सरकार पर तीखा हमला करते हुए उसे 'सीएमसी सरकार' करार दिया, जिसका अर्थ उन्होंने 'करप्शन' (भ्रष्टाचार), 'माफिया' और 'क्राइम' (अपराध) बताया। पीएम मोदी ने कहा, 'जनता ने डीएमके को दो बार स्पष्ट जनादेश दिया, लेकिन उन्होंने इस भरोसे को तोड़ दिया। आज तमिलनाडु में केवल एक परिवार के हितों की रक्षा की जा रही है'. उन्होंने राज्य में बढ़ते ड्रग माफिया पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूलों और कॉलेजों को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर डरे हुए हैं।




### विकास के आंकड़ों से कांग्रेस-डीएमके को घेरा

प्रधानमंत्री ने केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में तमिलनाडु के लिए किए गए कार्यों का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले की तुलना में एनडीए सरकार ने तमिलनाडु को 3 लाख करोड़ रुपये का फंड दिया है, जो यूपीए सरकार की तुलना में तीन गुना अधिक है। रेलवे बजट में सात गुना बढ़ोतरी की गई है।

### जल्लीकट्टू बैन पर यह बोले पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डीएमके और कांग्रेस ने जल्लीकट्टू को भी बैन किया था। आप सभी लोगों का अपमान किया था। ये एनडीए की सरकार है, जिसमें जल्लीकट्टू के लिए लीगल रास्ते निकाल कर इसका विरासत का सम्मान किया था। उन्होंने तमिलनाडु की जनता से कहा कि एनडीए हर तरह से आपके साथ है।

### 'स्टालिन की एकमात्र उपलब्धि भ्रष्टाचार'

वहीं एआईएडीएमके नेता ई. पलानीस्वामी ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर निशाना साधते हुए कहा कि स्टालिन की एकमात्र उपलब्धि भ्रष्टाचार है और वे अपने बेटे उदयनिधि स्टालिन को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। ईपीएस ने विश्वास जताया कि एनडीए गठबंधन आगामी चुनाव में 210 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में आएगा और यह चुनाव वंशवाद की राजनीति पर 'पूर्ण विराम' लगाएगा। पीएमके प्रमुख अन्बुमणि रामदास ने डीएमके सरकार पर 6 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न घोटालों (रेत खनन, अनुबंध और तस्माक टैक्स चोरी) का आरोप लगाया। वहीं, एएमएमके नेता टीटीवी दिनाकरण ने कहा कि तमिलनाडु अब हत्याओं का राज्य बन गया है जहाँ महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है।

## उज्जैन के तराना में फिर भड़की हिंसा

# उपद्रवियों ने बस फूंकी-दुकान जलाई मंदिर पर पथराव, 20 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उज्जैन



उज्जैन के तराना में हुआ सांप्रदायिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात तनावपूर्ण हालात के बाद शुक्रवार दोपहर एक बार फिर स्थिति बिगड़ गई। बस स्टैंड इलाके में पथराव हो गया और एक बस आग के हवाले कर दी गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने उपद्रवियों पर बीएनएस की धारा 163 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अभी तक 20 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। शुक्रवार दोपहर में मचाए गए उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुके हैं। फुटेज के माध्यम से भी उत्पात करने वालों की तलाश की जा रही है। शुक्रवार दोपहर को जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यह समझ रहे थे कि पूरा मामला शांत हो गया है तभी तकिया मोहल्ला क्षेत्र बस स्टैंड में 50 से 60 लोगों की भीड़ पहुंची और पथराव शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ में शामिल लोग धर्म विशेष के थे। पथराव के बाद दूसरे पक्ष के लोग भी सड़क पर उतर आए। दोनों समुदाय के लोगों के आमने-सामने आने के बाद पुलिस ने उन्हें रोका लेकिन इसी बीच किसी व्यक्ति ने यहां खड़ी एक बस में आग लगा दी। इसके बाद इलाके के हालात बिगड़ गए। वहीं, सोहिल ठाकुर को सिर पर गहरी चोट आई है। उसे उज्जैन जिला अस्पताल चरक भवन में भर्ती किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। सोहिल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सिर में चोट की वजह से उसे आईसीयू वार्ड में रखा गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि एक फरार आरोपी को पुलिस जल्द से जल्द पकड़े।

### गुरुवार को हुई थी कहासुनी, बाद में बिगड़ा माहौल

गुरुवार को तराना की शुक्ला गली में रहने वाला सोहिल पिता सोनू ठाकुर उम्र 26 साल अपने घर से करीब 200 मीटर दूर राम मंदिर संघ कार्यालय के नजदीक बैठा था। शाम करीब 7.30 बजे ईशान मिर्जा और उसके साथ आठ से दस लोग लोहे की रॉड, लाठी और चाकू लेकर सोहिल के पास पहुंचे और उसे धमकाने लगे। आरोपियों के साथ सोहिल की कहासुनी हुई, इसी बीच आरोपियों ने सोहिल के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सोहिल को बचाने उसका चचेरा भाई आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। सोहिल को तत्काल ही तराना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे उज्जैन रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद सैकड़ों लोग अस्पताल के बाहर एकत्रित हो गए थे। देखते ही देखते तराना में तनाव के हालात निर्मित हो गए।

# 5 साल का मासूम स्कूल से लौटते समय गिरफ्तार, डिटेंशन सेंटर भेजा

**ट्रंप के एजेंटों की करतूत से अमेरिका में मचा बवाल**



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के मिनेसोटा स्टेट के कोलंबिया हाइट्स में मंगलवार को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) एजेंट्स ने एक 5 साल के बच्चे लियाम कोनेजो रामोस को पिता के साथ हिरासत में लिया और दोनों को टेक्सास के इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर भेजा गया है। लियाम की स्कूल सुपरिंटेंडेंट जेना स्टेनविक ने बताया, 'एजेंट्स ने चलती गाड़ी से बच्चे को उतारा। फिर उन्होंने उसे घर का दरवाजा खटखटाने को कहा, ताकि पता चले कि अंदर कोई है या नहीं।' जेना ने इसे 5 साल के बच्चे का इस्तेमाल करना बताया। गिरफ्तारी के डर से पिता ने मां को दरवाजा खोलने से मना किया। हालांकि कुछ देर बाद माता-पिता ने अपने बच्चे को घर के अंदर लाने की मंशा से दरवाजा खोला, तभी बाहर मौजूद एजेंट्स ने पिता को गिरफ्तार किया। वहीं बच्चे को घर में मौजूद दूसरे लोगों को सौंपने से इनकार कर उसे भी अपने साथ ले गए।

### उपराष्ट्रपति ने दी सफाई

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मिनियापोलिस लीडर्स से मुलाकात के दौरान घटना पर बात की। उन्होंने कहा, 'बच्चा सिर्फ डिटेन हुआ है, गिरफ्तार नहीं।' वेंस ने कहा कि एजेंट्स बच्चे को ठंड में छोड़ नहीं सकते थे और गैर-कानूनी व्यक्ति को गिरफ्तार करना जरूरी है।

### अमेरिका छोड़ने का नहीं दिया गया था आदेश

लियाम अपने स्कूल जिले का चौथा छात्र है, जिसे आईसीई ने हिरासत में लिया है। स्कूल प्रशासन और परिवार के वकील के अनुसार, यह परिवार साल 2024 में इक्वाडोर से अमेरिका आया था। परिवार पर शरण से जुड़ा मामला चल रहा है, लेकिन उन्हें अमेरिका छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया था।

### 6 हफ्तों में 3,000 से ज्यादा गिरफ्तारी, इनमें 400 बच्चे

चिल्ड्रेंस राइट्स संगठन की लीशिया वेल्च ने हाल ही में एक डिटेंशन सेंटर का दौरा किया। उनका कहना है कि वहां बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई बच्चे 100 दिनों से भी ज्यादा समय से हिरासत में हैं। अमेरिकी सरकार ने दिसंबर में खुद माना था कि करीब 400 बच्चों को डिटेंशन में रखा गया है। 6 हफ्तों में मिनेसोटा में ही 3,000 गिरफ्तारियां हुई हैं।

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.



डॉ. जयेश शर्मा
MBBS, MS (Mumbai)
Fellowship in Surgical Oncology (Ahmedabad)
कैंसर रोग विशेषज्ञ
25+ वर्षों से अधिक का अनुभव

स्तन में गांठ?
समय रहते जांच जरूरी।

क्या आप जानते हैं?
90% से अधिक स्तन गांठें कैंसर संबंधी नहीं होतीं।
लगभग 80% मामलों में बायोप्सी भी आवश्यक नहीं होती।

क्लिनिकल ब्रेस्ट एग्जाम
उन्नत इमेजिंग जांच
विशेषज्ञ मूल्यांकन
व्यक्तिगत उपचार योजनाएँ
महिलाओं और उनके परिवारों के लिए परामर्श

मुफ़्त क्लिनिकल स्तन परीक्षण
हर महीने के पहले बुधवार

स्तन अल्ट्रासाउंड पर 25% छूट
यदि डॉक्टर के परामर्श के बाद आवश्यक हो

अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001
+91 7880110000, 0771 4800000
www.itsahospitals.com

## दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखा जवानों का जज्बा

# बारिश में हुई रिपब्लिक डे की फुल रिहर्सल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को बारिश के बीच गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बारिश के बावजूद सेना के जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च किया। रिहर्सल में कई मंत्रालयों और विभागों की झांकियां भी शामिल रहीं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम् थीम पर झांकी निकाली।

बारिश के बावजूद दर्शक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने छाते लेकर परेड और झांकियां देखीं। 23 जनवरी 2026 को कर्तव्य पथ पर आयोजित इस रिहर्सल में यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम 'सूर्यास्त्र' का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।



**परेड में निकलेंगी 30 झांकियां**

*26 जनवरी को भारत 77वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इस बार मुख्य परेड की थीम वंदेमातरम् पर रखी गई है। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर 30 झांकियां निकलेंगी, जो 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम, समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित होंगी।*

### कोस्टा, उर्सुला होंगे मुख्य अतिथि

कर्तव्य पथ पर एनक्लोजर के बैकग्राउंड में वंदेमातरम् की लाइन्स वाली पुरानी पेंटिंग बनाई जाएगी। मेन स्टेज पर फूलों से वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस बार गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन होंगे। परेड में पहली बार बैक्ट्रियन ऊंट, नई बटालियन भैरव भी मार्च पास्ट करेगी। हालांकि इस बार के फ्लाईपास्ट में राफेल, Su-30, अपाचे जैसे 29 विमान शामिल होंगे। हालांकि इस बार तेजस को नहीं रखा गया है।

रायपुर
शनिवार 24 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 24, अंक : 185
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 29.9
न्यून. 15.0

**हरिभूमि**
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



6 लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत
विचार पेज
2 ट्रंप की शांति योजना पर उठते सवाल

# पूर्व नेत्रहीन छात्र चंदा जुटाकर मनाते हैं स्कूल में सरस्वती पूजा, दो दशक से जारी है यह परंपरा



रविकांत सिंह राजपूत ▶▶| मनेन्द्रगढ़

आज के दौर में जब 'रियूनियन' का मतलब महंगे रिसॉर्ट्स और चकाचौंध वाली पार्टियां बन चुका है। वहीं मनेन्द्रगढ़ स्थित आमाखेरवा में नेत्रहीन विद्यालय के पूर्व छात्रों ने पूरी दुनिया के सामने संस्कारों की एक नई लकीर खींची है। आंखों में रोशनी न होने के बावजूद इन छात्रों के भीतर 'कृतज्ञता' का ऐसा उजाला है, जो समाज की सोच को रोशन कर रहा है।

**अपनी सैलरी से देते हैं 'गुरु-दक्षिणा'**

देशभर के विभिन्न सरकारी विभागों और निजी सेक्टरों में ऊंचे पदों पर काबिज ये पूर्व छात्र हर साल बसंत पंचमी पर अपनी पाठशाला लौटते हैं। इस दो दिवसीय आयोजन का पाई-पाई का खर्च ये छात्र आपस में चंदा जुटाकर करते हैं। इनका स्वाभिमान ऐसा कि ये नहीं चाहते कि जिस संस्था ने इन्हें पैरों पर खड़ा किया, उसे इस उत्सव के लिए किसी बाहरी मदद की जरूरत पड़े।

1998 से अटूट है यह संकल्प यह महज एक मिलन नहीं, बल्कि 28 वर्षों की एक तपस्या है। विद्यालय के इन पूर्व छात्रों द्वारा वर्ष 1998 से शुरू की गई अखंड जाप की परंपरा आज भी अनवरत जारी है। इस वर्ष भी बसंत पंचमी से एक दिन पूर्व सुबह 10 बजे से महामंत्र ॐ श्रीराम जय राम जय जय राम की गूंज शुरू हुई, जो 24 घंटे तक बिना रुके विद्यालय की फिजाओं ▶▶|शेष पेज 8 पर

अलग खबर

### स्वाभिमान की अनूठी मिसाल

इस आयोजन की सबसे भावुक कर देने वाली बात इसकी 'फंडिंग' है। देशभर के सरकारी विभागों और निजी संस्थानों में ऊंचे पदों पर कार्यरत ये पूर्व छात्र हर साल अपनी कमाई का एक हिस्सा अपनी पाठशाला के लिए बचाकर रखते हैं। 1998 से शुरू हुआ यह सिलसिला आज भी अटूट है। ये छात्र नहीं चाहते कि जिस विद्यालय ने उन्हें दुनिया से लड़ना सिखाया, उसे सरस्वती पूजा के लिए किसी के सामने झोली फैलानी पड़े। यह चंदा नहीं, बल्कि उन 'जड़ों' को पानी देने की कोशिश है, जिन्होंने इन्हें फलने-फूलने का मौका दिया।



### गुरु वंदनः जब 'साहब' बन चुके शिष्य झुकते हैं चरणों में

आज इनमें से कोई बैंक में अफसर है, तो कोई प्रशासनिक सेवाओं में। लेकिन जैसे ही ये आमाखेरवा नेत्रहीन विद्यालय की दहलीज पर कदम रखते हैं, ये सब केवल 'शिष्य' रह जाते हैं। अपने पुराने शिक्षकों को ढूंढकर उनके पास जाना, उनके चरण स्पर्श करना और उन्हें सप्रेम उपहार भेंट करना, इस आयोजन का सबसे पवित्र हिस्सा होता है। यह दृश्य सिखाता है कि सफलता के शिखर पर पहुँचकर भी अपनी जमीन को कभी नहीं भूलना चाहिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पंजाब में बब्बर खालसा के पांच आतंकवादी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** गणतंत्र दिवस से पहले पंजाब पुलिस ने दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि राज्य के विभिन्न इलाकों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। इनके पास से मादक पदार्थ भी बरामद किया गया।

### विधायकों के पाला बदलने की अटकलें आधारहीन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ संगठन की स्थिति और आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की। पार्टी ने इन अटकलों को पूरी तरह से बेबुनियाद बताया है कि बिहार में पार्टी के सभी छह विधायक जनता दल (यू) में शामिल हो सकते हैं। यह बैठक खरगे के आवास' पर हुई।

## सेंसेक्स 700 अंक से ज्यादा टूटा, निफ्टी भी 25048 पर हुआ क्लोज

# शेयर बाजार में हाहाकार, पलक झपकते ही डूब गए 6 लाख करोड़, रुपया भी हुआ बेहाल!

*शुक्रवार का दिन भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए किसी बुरे सपने से कम साबित नहीं हुआ है। सुबह बाजार ने तेजी के साथ शुरुआत की, जिससे निवेशकों के चेहरों पर थोड़ी रौनक लौटी थी लेकिन यह खुशी ज्यादा देर टिक नहीं सकी। दिन चढ़ते-चढ़ते बाजार धड़ाम से नीचे आ गया और देखते ही देखते निवेशकों की करीब 6 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति स्वाहा हो गई। डॉलर की भारी मांग के चलते रुपये ने 91.7425 का पुराना निचला स्तर तोड़ दिया और 91.77 तक गिर गया।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सेंसेक्स 770 अंक टूटकर 81,537 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 241 अंक टूटकर 25048 पर क्लोज हुआ। बैंक निफ्टी में 700 अंकों की गिरावट देखने को मिली। स्मॉलकैप 1000 से ज्यादा और मिडकैप 700 अंक तक टूट गया। भारतीय शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 1 फीसदी तक की गिरावट आई। शेयर बाजार में इस भारी गिरावट के कारण निवेशकों के 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए।

बीएसई मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.50 लाख करोड़ से घटकर 451.56 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। कॉरपोरेट्स और आयातकों की तरफ से डॉलर की भारी मांग के चलते रुपये ने 91.7425 का पुराना निचला स्तर तोड़ दिया और 91.77 तक गिर गया। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी भारी गिरावट दर्ज की गई, जिसमें 1.5 फीसदी से ज्यादा की कमी आई।



### विदेशी निवेशकों की बेरुखी सबसे बड़ा कारण

बाजार की इस दशा के पीछे सबसे बड़ा कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली है। जनवरी महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने सिर्फ एक बार सिर्फ 2 जनवरी को खरीदारी की है, बाकी 13 सत्रों में उन्होंने लगातार अपने शेयर बेचे हैं। गुरुवार को भी उन्होंने 2,550 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले।

### सुबह की हरियाली दोपहर तक हो गई लाल

सेंसेक्स ने सुबह 82,335.94 पर सकारात्मक शुरुआत की थी और कारोबार के दौरान यह 82,516.27 के उच्च स्तर तक भी पहुंचा लेकिन ऊपरी स्तरों पर मुनाफा वसूली का ऐसा दौर चला कि सारी बढ़त गायब हो गई। दोपहर 2:28 बजे तक सेंसेक्स 689.56 अंक यानी 0.83% लुढ़क कर 81,617..90 पर कारोबार करता नजर आया। निफ्टी का भी यही हाल रहा. दिन में 25,347.95 की ऊंचाई छूने वाला निफ्टी 220.80 अंक टूटकर 25,066.10 पर आ गया।

### सबकी निगाहें टिकीं 1 फरवरी के बजट पर


शेयर मार्केट के विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2025 में जो 'विदेशी बिकवाली और घरेलू खरीदारी' का पैटर्न चल रहा था, वह 2026 में भी जारी है। अब सबकी निगाहें 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट पर टिकी हैं। अगर बजट में बाजार के लिए कुछ अनुकूल घोषणाएं होती हैं, तो शायद तस्वीर बदले लेकिन उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण भारत की कंपनियों के तिमाही नतीजे होंगे।

### रुपये को बड़ा झटका

शेयर बाजार की गिरावट को गहराने में रुपये की कमजोरी ने आग में घी का काम किया। भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। कॉरपोरेट्स और आयातकों की तरफ से डॉलर की भारी मांग के चलते रुपये ने 91.7425 का पुराना निचला स्तर तोड़ दिया और 91.77 तक गिर गया।

## अगले हफ्ते दिल्ली में डील होगी

# यूरोपीय यूनियन ने भारत से रक्षा समझौते को दी मंजूरी



**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय यूनियन ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर साइन होंगे। यूरोपीय यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद में कहा यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी। इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता, डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, ▶▶|शेष पेज 8 पर

### एग्रीमेंट आतंकवाद से मुकाबले में मददगार

कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

### ईयू के अध्यक्ष गणतंत्र दिवस पर हैं मुख्य अतिथि

यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत आ रहे हैं। वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। भारत-ईयू शिखर सम्मेलन अगले दिन 27 जनवरी को होगा। भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे। इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई डायरेक्टर्स रहेंगे।

## कृमिनाशक दवा जांच में अमानक

# एल-1 के बाद एल-2 की एल्बेंडाजोल दवा में खोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नए टेंडर के जरिए तीसरी कंपनी से खरीदी
- सीजीएमएससी ने वापस बुलाई संबंधित बैच

खास खबर

एल-1 कंपनी के बाद कृमि की समस्या से मुक्ति के लिए शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराई जाने वाली एल्बेंडाजोल नामक दवा मानक मात्रा में खरी नहीं उतर पाई। सीजीएमएससी द्वारा सर्कुलर जारी कर उक्त दवा की प्रभावित बैच को स्वास्थ्य केंद्रों से वापस मंगाया गया है। दवा निगम ने नया टेंडर जारी कर तीसरी कंपनी से इसकी खरीदी की है।

सीजीएमएससी के माध्यम से हुए टेंडर में एल-1 बनाने वाली कंपनी की एल्बेंडाजोल के संबंध में कुछ स्वास्थ्य केंद्रों से शिकायत मिली थी। इसके बाद दवा निगम ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों से दवा वापस मंगाई थी। संदेह के आधार पर दवाओं की जांच कराई गई, तो उसके करीब चार बैच के सैंपल फेल हो गए थे। ▶▶|शेष पेज 8 पर

## हथियार और नशीले पदार्थ भेजे जा रहे

# पाक ने भेजे 800 ड्रोन, सेना ने 240 को मार गिराया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लड़ने का एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय हवाई सीमा में भेजे गए जिनमें से सेना ने 240 ड्रोन मार गिराए बाकी अंधेरे का लाभ लेकर वापस लौट गए। इसे लो लेवल ड्रोन वारफेयर (कम ऊंचाई पर ड्रोन युद्ध) कहा जाता है।

### 72 में ड्रग्स, पांच में हथियार, बाकी में अन्य सामान

रक्षा सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर ड्रोन राजस्थान और पंजाब की सीमा पर देखे गए। पांच ड्रोन में हथियार या युद्ध से जुड़ा सामान मिला। वहीं 160 से ज्यादा ड्रोन दूसरे सामान गिराने के लिए आए थे, जबकि करीब 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। इस साल जनवरी में अब तक ड्रोन घुसपैठ की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। भारतीय सुरक्षा बलों ने 800 में से करीब 240 ड्रोन मार गिराए।

# भोजशाला में अखंड पूजा और नमाज दोनों हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धार

वसंत पंचमी पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हिंदू समुदाय के हजारों श्रद्धालुओं ने वाग्देवी की सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक लगातार पूजा-अर्चना की और विवादित परिसर के एक अन्य स्थान पर मुस्लिम समाज के करीब 15 लोगों ने जुमे की नमाज भी अदा की। अधिकारियों ने बताया कि 11वीं सदी के विवादित परिसर में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के मुताबिक दोनों समुदायों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई थीं।

### हिंदू मंदिर, मुस्लिम मस्जिद मानते हैं

भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने सात अप्रैल 2003 को एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के अनुसार हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार नमाज की इजाजत है।

# बसंत पंचमी के दिन शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर



जिले के प्राथमिक शाला गुमगरा में पदस्थ शिक्षक द्वारा शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आने का मामला सामने आया है। सरस्वती पूजा के दिन शिक्षक के नशे में धुत होने और आए दिन शराब पीने से परेशान ग्रामीणों ने शिक्षक का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके साथ ही इस घटना के बाद शराबी शिक्षक के खिलाफ ग्राम सभा भी बुलाई गई जिसमें उसे हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। शिक्षक का वीडियो वायरल होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है और शिक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। ▶▶|शेष पेज 8 पर

### चल रही है कार्रवाई

*शिक्षक के शराब पीकर स्कूल आने का मामला संज्ञान में आया है। इस मामले की जांच कराई गई है और जांच प्रतिवेदन पहुंच गया है। प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही विभागीय जांच जारी रहेगी।*

*दिनेश झा, डीईओ सरगुजा*



## चिंतन

# मित्रों को ही भारी पड़ रहा है ट्रंप का अस्थिर रवैया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी दुनिया के लिए भस्मासुर की भूमिका में हैं। वह किसी के भी सिर पर हाथ रखकर उसे भस्म करना चाहते हैं। शुरुआत में जब उन्होंने पूरी दुनिया को टैरिफ की आग में धकेलने की कोशिश की तो इसे अनेक देशों ने कुछ हद तक तार्किक समझा और इस मसले को वार्ता के जरिए सुलझाने के लिए व्यापार समझौतों की पेशकश की। हालांकि इनमें अधिकांश समझौते एकतरफा रहे और ट्रंप ने टैरिफ का डर दिखाकर अपनी मर्जी ही चलाई। भारत ने भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिश की और दोनों देशों के बीच एक साल से इस पर वार्ता के बावजूद सहमति नहीं बन सकी है। हालांकि इस अवधि में अमेरिका ने भारत पर दुनिया में सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। ट्रंप की इस हरकत ने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। देखा जाए तो ट्रंप का यह कार्यकाल उनके मित्रों पर ही ज्यादा भारी पड़ रहा है। ग्रीनलैंड पर उनके रुख ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो के भविष्य पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया था। एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि अमेरिका और यूरोप की सेनाएं आमने-सामने आ सकती हैं। हालांकि ट्रंप के दावोस में दिए भाषण से संकेत मिला है कि फिलहाल नाटो बच गया है। इसके बावजूद ट्रंप के अस्थिर रवैये को देखते हुए इस बात की गारंटी नहीं दी जा सकती कि आने वाले समय में नाटो का क्या होगा। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत विस्तार और साम्यवाद के खिलाफ एक ढाल के रूप में की गई थी। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और पुर्तगाल इसके 12 संस्थापक सदस्य थे। 1989 में सोवियत संघ के पतन के बाद नाटो का विस्तार हुआ। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद फिनलैंड (2023) और स्वीडन (2024) इसके नवीनतम सदस्य बने। नाटो की स्थापना करने वाली वॉशिंगटन संधि में कहा गया है कि एक या अधिक सदस्यों पर सशस्त्र हमला, सभी पर हमला माना जाएगा। 9/11 के हमलों के बाद इस प्रावधान को लागू किया गया था। ट्रंप लंबे समय से बहुपक्षवाद के प्रति असहमति जताते रहे हैं। हालांकि, नाटो को लेकर उनकी मुख्य शिकायत वित्तीय है। उनका आरोप है कि यूरोप की सुरक्षा का अधिकांश खर्च अमेरिका उठाता है, जबकि अन्य सदस्य अपेक्षाकृत कम योगदान देते हैं। डेनमार्क से ग्रीनलैंड को खरीदने का ट्रंप का विचार एक तरह से नाटो पर वर्षों से हो रहे अमेरिकी खर्च की एक प्रतीकात्मक भरपाई के रूप में सामने आया है। दावोस में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि वे ग्रीनलैंड का बलपूर्वक विलय नहीं करेंगे और उन्होंने उस 10% टैरिफ का उल्लेख भी नहीं किया, जिनकी उन्होंने आठ यूरोपीय देशों को धमकी दी थी। फिर भी उनकी चेतावनी स्पष्ट थी 'आप हां कह सकते हैं और हम बहुत आभारी होंगे या आप ना कह सकते हैं और हम याद रखेंगे।' बाद में उन्होंने यह भी कहा कि वे वार्ता चाहते हैं। ग्रीनलैंड में कोई भी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई प्रभावी रूप से नाटो को समाप्त कर देगी। यूरोप आर्थिक रूप से शक्तिशाली होने के बावजूद अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिकी परमाणु छतरी पर निर्भर है भले ही ब्रिटेन और फ्रांस स्वयं परमाणु-सशस्त्र देश हैं। यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस की परमाणु धमकी का मुकाबला करने में भी अमेरिका ने निर्णायक भूमिका निभाई है, लेकिन ट्रंप की अप्रत्याशित नीतियों के चलते भविष्य के नाटो संकटों में वॉशिंगटन के सहयोग की कोई गारंटी नहीं है।

## मुद्दा
राजेश माहेश्वरी



# बजट सत्र में जी राम जी पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

संसद के आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल पर भारी हंगामा होने की संभावना है। यह मुद्दा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लाया गया है और शीतकालीन सत्र में ही संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस नए बिल को मनरेगा को 'खत्म करने की साजिश' बता रहे हैं। उनका आरोप है कि नए कानून में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिनसे गरीबों के रोजगार की गारंटी प्रभावित होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता राहुल गांधी ने घोषणा की है कि वे इस मुद्दे को बजट सत्र के दौरान संसद में उठाएंगे। संसद का बजट सत्र आगामी 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। विपक्ष के अनुसार, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित था, जबकि नए कानून में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर आशंकाएं हैं। साथ ही, खर्च का प्रतिशत भी राज्यों को अधिक उठाना पड़ेगा। विपक्षी दलों की बयानबाजी से इस बात के प्रमाण मिल रहे हैं कि आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का एक प्रमुख मुद्दा होगा, जिससे सदन में हंगामेदार स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बीती 22 जनवरी को दिल्ली में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के राष्ट्रीय सम्मेलन में राहुल गांधी ने कानून का नाम सुनकर व्यंग्य किया और कहा कि उन्हें इसका नाम भी नहीं पता। उन्होंने इसे गरीबों के अधिकार छीनने की साजिश बताया और मोदी सरकार को खुली चेतावनी दी कि अगर गरीब एकजुट हो जाएंगे तो सरकार पीछे हट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा, ये नया कानून क्या है, मुझे पता ही नहीं। जिसमें काम की गारंटी थी और पंचायती राज के माध्यम से चलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी इसे खत्म करना चाहते हैं और केंद्र को काम व फंड का पूरा नियंत्रण देना चाहते हैं, जिसमें भाजपा शासित राज्यों को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं, बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस की तरफ से इस बिल का विरोध करने को लेकर फटकार लगाई है। बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी की आलोचनाओं ने कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस गलत जानकारी फैला रही है। सरकार का पक्ष है कि इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप तैयार करना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा के स्थान पर लागू होने वाला वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अभी तक औपचारिक रूप से अधिसूचित और लागू नहीं हुआ है, इसलिए केंद्र सरकार आगामी बजट में इस योजना को निर्बाध समर्थन सुनिश्चित करने के लिए दोहरी बजटीय आवंटन पर विचार कर रही है। नए कानून के तहत नियम अभी तैयार किए जा रहे हैं, इसलिए सरकार संक्रमणकालीन चरण में मनरेगा और वीबी-जी राम जी योजना दोनों के लिए एक साथ निधि उपलब्ध करा सकती है। नियमों के अधिसूचित होने के बाद ही नया कानून लागू होगा। बजट में भारी बढ़ोतरी का संकेत देते हुए, सरकार ने पहले घोषणा की थी कि वीबी-जी आरएएम जी के लिए 1,51,282 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अपने बजट घोषणा में इस आवंटन को और बढ़ा सकती है। एमजीएनआरईजीए के लिए वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 दोनों में 86,000 करोड़ रुपये का अपरिवर्तित आवंटन किया गया था। नए अधिनियम के तहत, अनुमानित केंद्रीय निधि का हिस्सा 95,692.31 करोड़ रुपये है, शेष राशि राज्यों द्वारा वहन की जाएगी। नए अधिनियम में केंद्र और राज्यों के बीच 60:40 का लागत-साझाकरण अनुपात अनिवार्य किया गया है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्यों को निधि आवंटन के प्रस्तावित मानदंडों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले 22 जनवरी की सुबह जी राम जी बिल को लेकर कर्नाटक विधानसभा में हंगामा देखने को मिला। जहां राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य सरकार की तरफ से तैयार भाषण पढ़ने से इनकार कर दिया। इसमें जी राम जी बिल को लेकर आलोचना शामिल था। जी राम जी बिल पास होने के वक्त विपक्ष ने संसद के शीतकालीन सत्र में खूब हंगामा किया था। विपक्ष ने संसद से बाहर भी इसका विरोध किया था। विपक्षी नेताओं की ताजा बयानबाजी से साफ है बजट सत्र में जी राम जी की गूंज जोर-शोर से सुनाई देगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



बोर्ड ऑफ पीस
डॉ. एन. के. सोमानी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

# ट्रंप की शांति योजना पर उठते सवाल

ग्रीनलैंड पर अमेरिकी स्वामित्व के दावों के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। कहा जा रहा है कि 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। इनमें मध्यपूर्व के सहयोगी देश इजरायल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, जॉर्डन, कतर और मिस्र शामिल हैं। नाटो सदस्य तुर्की और हंगरी के अलावा मोरक्को, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कोसोवो, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, पैराग्वे, आर्मेनिया, अजरबैजान और वियतनाम भी बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा होने के लिए सहमत हो गए हैं।

ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। हालांकि, व्यक्तिगत रूप से ट्रंप के पुतिन के साथ संबंध बेहतर है, व्यापार समझौते के बाद चीन-अमेरिकी संबंधों में तल्खी कुछ कम हुई है, लेकिन जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस के चार्टर में वीटो का एक मात्र अधिकार केवल अमेरिका (राष्ट्रपति ट्रंप ) को दिए जाने की बात कही गई है, उसे देखते हुए दोनों साम्यवादी देश शायद इस संशय में हैं कि अमेरिकी पहल का हिस्सा बनने से उनकी स्थिति कमजोर हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की है। तीनों का आशंकित होना स्वाभाविक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में वीटो के मामले में अमेरिका, रूस, चीन और ब्रिटेन की शक्ति बराबर है। पांचवें स्थायी सदस्य फ्रांस ने ट्रंप की योजना का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। फ्रांस पर दबाव बनाने के लिए ट्रंप ने फ्रांसीसी वाइन और शैंपेन पर 200 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। दिलचस्प बात यह है कि बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। कनाडा भी पूरी तरह से तैयार था लेकिन दावोस में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा अमेरिका की टैरिफ नीति की निंदा किए जाने के कारण अब ट्रंप ने कनाडा से निमंत्रण को वापस ले लिया है। दरअसल ट्रंप ने 29 सितंबर 2025 को गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा की थी। इसका अरब समुदाय सहित इजरायल और यूरोप के कई देशों ने समर्थन किया। 17 नवबंर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इसका स्वागत करते हुए भारी बहुमत से प्रस्ताव संख्या 2803 पारित किया। ट्रंप का कहना है कि अब समय आ गया है, जब प्रस्ताव के लक्ष्यों को अमली जामा पहनाया जाए। पूरी योजना का केन्द्र शांति बोर्ड है। चार्टर के अनुसार बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल तीन साल रखा गया है। यदि कोई सदस्य बोर्ड में स्थायी रूप से बने रहना चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान करना होगा। बोर्ड के कार्यकारी मंडल में ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, विदेशमंत्री मार्को रूबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। बोर्ड की अध्यक्षता ट्रंप ने स्वयं अपने पास रखी है। अध्यक्ष के कार्यकाल की कोई सीमा नहीं है अर्थात कार्यकाल अनिश्चित रखा हुआ है।

जहां तक ट्रंप को बोर्ड से हटाए जाने का सवाल है तो वह स्वेच्छा से त्यागपत्र दे सकते हैं या कार्यकारी परिषद्



के सर्वसम्मत मत द्वारा निर्धारित अक्षमता के आधार पर पद से हटाया जा सकता है। ऐसे में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में थोड़ी भी रुचि रखने वाला कोई भी देश इसमें शामिल होगा, इसमें संदेह है। ट्रंप प्रशासन का अनुमान है कि बोर्ड में तकरीबन 60 से अधिक देश शामिल होंगे और 60 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त होगा, जिसका उपयोग गाजा के पुनर्निमार्ण में किया जाएगा। हालांकि वाशिंगटन शांति बोर्ड को गाजा के पुनर्निर्माण और समृद्धि के लिए एक रोडमैप के रूप में पेश कर रहा है, लेकिन बोर्ड से फिलिस्तीनियों को बाहर रखना अपने आप में आश्चर्यजनक है।

कोई दो राय नहीं कि ट्रंप के शांति बोर्ड का उद्देष्य गाजा में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना है, लेकिन जिस तरह से इसे एक नए अंतरराष्ट्रीय संगठन और शांति व्यवस्था स्थापित करने वाले निकाय के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, उसे देखते हुए सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या ट्रंप का शांति बोर्ड आने वाले समय में संयुक्त राष्ट्र संघ की जगह लेता हुआ दिखाई देगा। यह सवाल इसलिए भी प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि ट्रंप लगातार इस विश्व संस्था की आलोचना करते रहे हैं। ट्रंप खुद भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं। प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि उनका बोर्ड अंतरराष्ट्रीय निकाय की जगह ले सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं संयुक्त राष्ट्र क्षमताओं का प्रशंसक हूं लेकिन इस संस्था ने कभी अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों का निपटारा कर देना चाहिए था, जिनका मैंने निपटारा किया। जिस तरह से पिछले दिनों अमेरिका की डेल्टाफोर्स ने वैनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा किया उससे डोनाल्ड ट्रंप और उनकी 'शांति की पहल' पर सवाल उठ रहे हैं। रूस और पाकिस्तान को निमंत्रण भेजे जाने पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

रूस यूक्रेन युद्ध का एक पक्षकार है। एक संप्रभु राष्ट्र पर हमला करने और आतंकवाद को पालने, बढ़ाने और उसका वित्तपोषण करने वाले देश को शांति स्थापना के प्रयासों का हिस्सा बनाना क्या अपने आप में हास्यास्पद नहीं है।इसके अलावा जिस तरह से पाकिस्तान को गाजा में शांति और सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में शामिल किया जा रहा है, उससे इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की परेशानी बढ़ सकती है। सवाल तो चार्टर के विभिन्न प्रावधानों पर भी उठ रहे हैं। सदस्यता के लिए इच्छुक देशों के दायित्व क्या होंगे, बोर्ड किन सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ेगा, इसका कोई पैमाना चार्टर में नहीं है। ऐसे में क्या स्थायी सीट हर वक्त बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। 1 अरब डॉलर की राशि क्या तमाम योग्यताओं का निर्धारक बिन्दू होगी।

ऐसे में आशंका इस बात की भी है कि शांति स्थापित करने के उद्देश्य से निर्मित यह मंच कहीं सौदेबाजी का अखाड़ा तो बनकर नहीं रह जाएगा। चार्टर में जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस को ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में दिखाने की कोशिश की गई है, जो संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिरता को बढ़ावा देने, विश्वसनीय और वैध शासन को बहाल करने और स्थायी शांति सुनिश्चित करने का प्रयास करता है, उसमें आशंका इस बात की भी है कि बोर्ड का व्यापक चार्टर संयुक्त राष्ट्र के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर सकता है। हालांकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, लेकिन बड़ा सवाल भारत के स्टैंड को लेकर भी है। नियम आधारित व्यवस्था और वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### रेवड़ियां बांटना कितना उचित?

सभी राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त धन व अन्य वस्तुएं बांटने की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार करने का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने देश पर बढ़ते कर्ज और चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं के बीच के खतरनाक संबंध को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई है, क्योंकि यह मुद्दा केवल चुनावी नैतिकता तक सीमित नहीं, बल्कि देश की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जुड़ा है। पिछले एक दशक में राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है और रिज़र्व बैंक की विभिन्न रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि कई राज्य अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सुरक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए संसाधन सीमित हो रहे हैं।
*– प्रदीप सक्सेना, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### मछुआरों के लिए काम



पिछले एक दशक में, एनडीए सरकार ने मछुआरों के लिए व्यापक रूप से काम किया है। हमारा जोर उनके लिए बेहतर बाजार और प्रौद्योगिकी सुनिश्चित करने पर रहा है। आने वाले समय में यह कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेगा।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मुखर्जी के विचार



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल से निकलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। आज उनके विचार को भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में जन-जन के बीच पहुंचा रही है।
**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कपड़ा निर्यातकों को नुकसान



अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ और अनिश्चितता से भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। पीएम मोदी ने कोई राहत नहीं दी है और न ही टैरिफ के बारे में बात की है, जबकि 45 करोड़ से अधिक नौकरियां और व्यवसाय खतरे में हैं।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### निष्ठाएं बिक रहीं




आज निष्ठाएं आसानी से बिक जाती हैं। सिद्धांतों को यूं ही त्याग दिया जाता है और राजनीति पूरी तरह अवसरवादी हो गई है। आज की राजनीति में सफलता इस बात से नहीं आंकी जाती कि कौन से मुद्दे सामने लाए गए या क्षेत्रीय और भाषाई अस्मिता को कितनी मजबूती से जीवित रखा गया।
**- राज ठाकरे, मनसे प्रमुख**

## करंट अफेयर

# ट्रंप का जेपी मॉर्गन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज जेपीमॉर्गन चेस और उसके सीईओ जेमी डिमॉन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि जनवरी 2021 में उनके पद छोड़ने के बाद जेपीमॉर्गन ने राजनीतिक कारणों से उन्हें और उनके व्यवसायों को बैंकिंग सेवाएं देना बंद कर दिया था।



फ्लोरिडा के मियामी-डेड काउंटी कोर्ट में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि जेपीमॉर्गन ने फरवरी 2021 में बिना किसी स्पष्टीकरण के मात्र 60 दिन के नोटिस पर कई खाते अचानक बंद कर दिए। ट्रंप का दावा है कि जेपीमॉर्गन और डिमोन के ऐसा करने से राष्ट्रपति और उनके व्यवसायों को लाखों डॉलर का नुकसान हुआ, उनके कामकाज में बाधा आई और ट्रंप तथा व्यवसायों को मजबूरन अन्य बैंकों में तत्काल खाते खोलने पड़े। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि 'जेपीएमसी ने (ट्रंप और उनके व्यवसायों को) बैंकिंग सेवाओं से बाहर कर दिया क्योंकि उसका मानना था कि उस समय की राजनीतिक लहर ऐसा करने के पक्ष में थी।' मुकदमे में ट्रंप ने आरोप लगाया कि बैंक ने जब उनके खाते बंद करना शुरू कर दिया तो उन्होंने व्यक्तिगत रूप से डिमोन के साथ इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की और डिमोन ने ट्रंप को आश्वासन दिया था कि वह पता लगाएंगे कि क्या हो रहा है।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





## खबर संक्षेप

### बाइक की ठोकर से सड़क किनारे खड़ी दो बुजुर्ग की मौत

**राजनांदगांव।** बाईक की ठोकर से सड़क किनारे बात कर रही दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटे मुड़पार में बुजुर्ग महिलाएं दोपहर के समय आपस में बात-चीत कर रही थी। इसी दौरान बाईक सवार ने उक्त महिलाओं को ठोकर मार दिया। बताया गया कि ठोकर से मौके पर ही एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं घायलों को डोंगरगढ़ चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से एक बुजुर्ग महिला को मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर किया गया था। जहां उसकी भी मौत हो गई। इधर उक्त घटना से गांव में सनसनी एवं शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से ग्रामीण गंभीर

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के ईलमिड़ी थाना क्षेत्र के लंकापल्ली जंगल में प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने प्रेशर आईईडी प्लांट किया गया था तभी उसमें ग्रामीण का पैर पड़ गया और जोरदार धमाके में उसका पैर की एड़ी टूटकर अलग हो गई।

### ऑनलाइन आवेदन 25 और संस्था चयन 26 जनवरी तक, छोड़ी सीट तो पंजीयन राशि जब्त

# एमडी-एमएस एडमिशन, पहले-दूसरे राउंड की संयुक्त काउंसिलिंग, तीसरे में अपग्रेडेशन

> हाईकोर्ट के निर्देश के बाद निरस्त हुई एमडी-एमएस की सीटों के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की गई है। इस बार पहले और दूसरे दौर की प्रवेश प्रक्रिया संयुक्त रूप से पूरी की जाएगी। साथ ही तीसरे राउंड में अभ्यर्थियों को आवेदन और अपग्रेडेशन की सुविधा दी जाएगी। इस बार आवंटित सीटों पर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा, नहीं तो संयुक्त राउंड से ही पंजीयन राशि जब्त करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पहले दो दौर की काउंसिलिंग आदेश आने के पहले पूरी की जा चुकी थी।

**हाईकोर्ट के फैसले के प्रवेश नियम में पुनः संशोधन, निरस्त हुई पूर्व की दो काउंसिलिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाईकोर्ट के फैसले के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मेडिकल पीजी प्रवेश नियम में बदलाव किया। इसके बाद पूर्व में संशोधित किए गए नियम के आधार पर पूरा किए गए दो दौर की काउंसिलिंग को निरस्त करने का आदेश जारी किया। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि को ध्यान में रखते हुए काउंसिलिंग प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। इसके लिए 23 जनवरी यानी शुक्रवार से 25 जनवरी रविवार तक ऑनलाइन आवेदन का वक्त दिया गया है और अभ्यर्थी संस्था चयन और लॉकिंग की प्रक्रिया को 26 जनवरी तक पूरी कर सकते हैं।

नई काउंसिलिंग के लिए राज्य शासन के निर्णय के अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा व्यवस्था जारी की गई है। इसके तहत प्रवेश वर्ष 2025 चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की प्रथम एवं द्वितीय चरण की काउंसिलिंग संयुक्त रूप से की जाएगी। साथ ही तृतीय चरण में ऑनलाईन आवेदन एवं अपग्रेड का विकल्प सभी अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध होगा। इसके अंतर्गत सभी नवीन पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से नवीन पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन तथा पूर्व से पंजीकृत पात्र अभ्यर्थियों को ऑनलाइन संस्था चयन करना होगा। पूर्व से पंजीकृत पात्र अभ्यर्थियों को इस चरण की काउंसिलिंग के लिए पुनः पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। सामान्य काउंसिलिंग के दौरान पहले राउंड में सीटें छोड़ने पर पंजीयन राशि जब्त नहीं की जाती। इस काउंसिलिंग में संयुक्त दौर की प्रवेश प्रक्रिया में सीटे त्यागने का खामियाजा पंजीयन राशि की जब्ती के रूप में चुकाना होगा।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यह कहा है कि काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, न्यायसंगत तथा माननीय न्यायालयों के आदेशों एवं भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न की जाएगी। यह निर्णय विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के हितों की रक्षा एवं उन्हें समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।



#### उठाना पड़ा नुकसान

काउंसिलिंग के दो राउंड पूरा होने के बाद निरस्त किए जाने का नुकसान चिकित्सा शिक्षा विभाग को उठाना पड़ा है। सूत्रों के अनुसार काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी कराने करीब 35 लाख रुपए खर्च होते हैं। पहला और दूसरे राउंड में सीटे आवंटित किए जाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी थी। सूत्रों का कहना है कि इस प्रक्रिया के लिए पुनः राशि खर्च करनी होगी।

#### ओपन कैटेगरी की सीट, सभी होंगे पात्र

संशोधित नियम में निजी मेडिकल कालेजों की पचास फीसदी सीट को ओपन कोटे के आधार पर भरने का उल्लेख किया गया था। इस मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने स्पष्ट किया है कि ओपन कोटे की सीट के लिए गैर संस्थागत के साथ संस्थागत दोनों ही कोट के अभ्यार्थी पात्र होंगे। निजी कालेजों की 50 फीसदी सीट स्टेट कोटे की होगी जो राज्य के संस्थागत कोटे के आधार पर अलॉट होगी। पूर्व में शासकीय कोटे (शासकीय और निजी कालेज) की सीट को पचास-पचास प्रतिशत में संस्थागत और ओपन कोटे में बांट दिया गया था।

# बिजली बिल के अग्रिम भुगतान पर छूट होगी कम, नियामक आयोग को भेजा प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल का भुगतान अग्रिम करने पर सवा फीसदी छूट देने का प्रावधान है, लेकिन आमतौर कम उपभोक्ता ही इसका लाभ लेते हैं। उपभोक्ताओं पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। इसकी वसूली के लिए अभियान भी चल रहा है। अब पॉवर कंपनी ने फिलहाल छूट को सवा फीसदी से कम करके आधा फीसदी करने का प्रस्ताव अपने नए टैरिफ के प्रस्ताव के साथ बिजली नियामक आयोग को भेजा है।

> **अभी 1.25 प्रतिशत का प्रावधान, इसको आधा फीसदी करने की मांग**

अपने प्रदेश में बिजली के उपभोक्ता इस कदर बेलगाम हैं कि वे हर माह का बिल ही पटाना जरूरी नहीं समझते हैं। ऐसे में पॉवर कंपनी ने अग्रिम भुगतान पर जो सवा फीसदी छूट देने का प्रावधान रखा है, उसका उपयोग ही नहीं होता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि वैसे इस प्रावधान के पीछे का मकसद पोस्टपैड कनेक्शन के प्रीपैड होने पर उपभोक्ताओं को लाभ देने का है। कनेक्शन प्रीपैड होने पर पहले रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। इसलिए यह सोचा गया कि उपभोक्ताओं को अग्रिम भुगतान देने पर कुछ फायदा दिया जाए। लेकिन इस सत्र में तो कनेक्शन प्रीपैड नहीं हो सके हैं, आगे कनेक्शन प्रीपैड कब होंगे, यह तय नहीं है। ऐसे में फिलहाल छूट को कम कराया जा रहा है। आने वाले समय में जब सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे, तब छूट में इजाफा करने के बारे में विचार होगा।




## टी20 : भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया, सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त

# भारत ने 200 प्लस रन का टारगेट चेज कर दर्ज की सबसे तेज जीत, गरजा ईशान-सूर्या का बल्ला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 82) और ईशान किशन (76) की आक्रामक पारियों के दम पर भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को रिकॉर्ड 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया।

बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों में न्यूजीलैंड को 6 विकेट पर 208 रन पर रोकने के बाद भारत ने महज 15.2 ओवर में तीन विकेट पर रन के साथ श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। भारत ने 28 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200 से अधिक रन का पीछा करते हुए सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था, जिसने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 24 गेंद शेष रहते 205 रन के लक्ष्य को हासिल किया था। भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य का सफलता से सबसे बड़े स्कोर के पीछा करने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। टीम ने इससे पहले 2023 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रन बनाए थे।




### ईशान ने 21 गेंदों में ठोकी फिफ्टी 237 की स्ट्राइक रेट से बनाए रन

### सूर्यकुमार ने 23 पारियों से चले आ रहे अर्धशतक के सूखे को किया खत्म

### भारत ने न्यूजीलैंड को 208 रन पर रोका

इससे पहले कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में दो अहम विकेट लेकर शानदार वापसी की, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोक दिया।न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र (44 रन, 26 गेंद) और कप्तान मिचेल सैंटनर (नाबाद 47 रन, 27 गेंद) ने अलग-अलग चरणों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, जैकब डफी और ईश सोढ़ी ने एक-एक विकेट लिए।

### सूर्या ने खेली कप्तानी पारी

टी20 विश्व कप से पहले लय हासिल करते हुए सूर्यकुमार ने 23 पारियों से चले आ रहे अर्धशतक के सूखे को खत्म किया। उन्होंने 37 गेंद की नाबाद पारी के दौरान 9 चौके और 4 छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए ईशान के साथ महज 49 गेंद में 122 और शिवम दुबे (नाबाद 36) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 81 रन की अटूट की साझेदारी के साथ टीम के आसानी से जीत दिला दी।

### ईशान ने तोड़ा अभिषेक का रिकॉर्ड

रायपुर में ईशान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अर्धशतक सिर्फ 21 गेंदों पर पूरा किया और उन्होंने अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। ईशान अब न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बैटर बने। इससे पहले अभिषेक ने पहले टी20 में नागपुर में 22 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था, लेकिन उनका रिकॉर्ड अब टूट गया। किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गजब की पारी खेली और अपने टी20आई क्रिकेट करियर का 7वां अर्धशतक भी लगाया। ईशान ने इस मुकाबले में 32 गेंदों पर 4 छक्के और 11 चौकों की मदद से 76 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 237.50 का रहा।

### भारत के लिए टी20 में सबसे तेज अर्धशतक

ईशान किशन- 21 गेंद
अभिषेक शर्मा- 22 गेंद
केएल राहुल-23 गेंद
रोहित शर्मा- 23 गेंद
सूर्यकुमार यादव- 23 गेंद

### महंगे साबित हुए अर्शदीप

मैच के पहले ओवर में 18 रन देने के बावजूद अर्शदीप ने तीसरा ओवर भी फेंका, लेकिन उसमें भी उन्होंने 18 रन दिए। विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट, जिन्होंने दूसरे टी20 के लिए न्यूजीलैंड की प्लेइंग इलेवन में टिम रॉबिन्सन की जगह ली थी, ने अर्शदीप को लगातार चार चौके मारे। अर्शदीप काफी महंगे गेंदबाजी साबित हुए।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवोन कोन्वे का पंड्या बो राणा | 19 | 9 | 3 | 1 |
| सिफर्ट का इशान बो चक्रवर्ती | 24 | 13 | 5 | 0 |
| रविंद्र का अर्शदीप बो कुलदीप | 44 | 26 | 2 | 4 |
| फिलिप्स का पंड्या बो कुलदीप | 19 | 13 | 2 | 1 |
| डेरिल मिचेल का पंड्या बो दुबे | 18 | 11 | 3 | 0 |
| चैपमैन का अभिषेक बो पंड्या | 10 | 13 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 47 | 27 | 6 | 1 |
| जैक फोक्स नाबाद | 15 | 8 | 2 | 1 |

अतिरिक्त: 12 कुल योग: 20 ओवर में छह विकेट पर 208 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-53-, पंड्या 3-0-25-1, राणा 3-1-35-1, चक्रवर्ती 4-0-35-1, कुलदीप 4-0-35-2, अभिषेक 1-0-12-0, दुबे 1-0-7-1.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का रवींद्र बो हेनरी | 06 | 5 | 0 | 1 |
| अभिषेक का कोन्वे बो डफी | 00 | 1 | 0 | 0 |
| किशन का हेनरी बो सोढ़ी | 76 | 32 | 11 | 4 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 82 | 37 | 9 | 4 |
| शिवम दुबे नाबाद | 36 | 18 | 1 | 3 |

अतिरिक्त: 09 कुल योग: 15.2 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन
**गेंदबाजी:** हेनरी, 3-0-41-1, डफी 4-0-38-1, फोक्स 3-0-67-0, सैंटनर, 2-0-27-0, सोढ़ 3-0-34-1, मिचेल 0.2-0-2-0.

### पहली बार डक पर आउट हुए अभिषेक

अभिषेक शर्मा दूसरे टी20आई मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ गोल्डन डक पर आउट हुए। उन्हें जैकब डफी ने अपनी गेंद पर डेवोन कॉनवे के हाथों कैच आउट कर दिया। अभिषेक शर्मा अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार गोल्डन डक पर आउट हुए। अभिषेक ने इसके साथ ही मुरली विजय, अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी शॉ, शिखर धवन, विराट कोहली, संजू सैमसन और शुभमन गिल की बराबरी कर ली। ये सभी बल्लेबाज टी20आई में बतौर ओपनर एक-एक बार गोल्डन डक पर आउट हुए थे।

# अल्काराज ने खेला अपना 100वां ग्रैंड स्लैम, मौटेट को हराकर की चौथे राउंड में एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। अपने 100वें ग्रैंड स्लैम मुकाबले में अल्काराज ने फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6-2, 6-4, 6-1 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त के बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम गंवा दिए, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 4-4 पर अहम ब्रेक हासिल किया और दो सेट की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में उन्होंने पूरी तरह दबदबा बनाते हुए डबल ब्रेक लिया और दो घंटे पांच मिनट में मैच समाप्त कर दिया। अल्काराज अब रविवार को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे।

### सबालेंका की संघर्षपूर्ण जीत



महिलाओं के एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने अनास्तासिया पोटापोवा को 7-6 (4), 7-6 (7) से हराया। सबालेंका चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं। सबालेंका ने 2023 और 2024 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता और एक साल पहले वह मैडिसन कीज से हारकर उपविजेता रही थीं। सबालेंका ने दो बार अमेरिकी ओपन भी जीता है। अब चौथे दौर में सबालेंका का सामना उभरती हुई स्टार विक्टोरिया म्बोको के खिलाफ होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टौसन को 7-6 (5), 5-7, 6-3 से हराया।

### मेदवेदेव ने मारोजसन को हराया, चौथे राउंड में प्रवेश

*डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। तीसरे राउंड के मुकाबले में दो सेट और एक ब्रेक से पीछे चल रहे मेदवेदेव ने जबरदस्त वापसी करते हुए दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी फैबियन मारोजसन को 6-7(5), 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से हराया। मेदवेदेव अपने करियर में 18वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में पहुंचे हैं। मैच के शुरुआती दो सेटों में मारोजसन ने बेहतरीन नियंत्रण दिखाया और मेदवेदेव को लगातार दबाव में रखा। सर्व की रफ्तार कम होने के बावजूद, हंगेरियन खिलाड़ी ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाई। वहीं, मेदवेदेव हमेशा की तरह बेसलाइन से काफी पीछे खड़े रहकर खेलते रहे और लगभग चार घंटे तक चले मुकाबले में अपना धैर्य नहीं खोया।*

# छठे दौर में डी. गुकेश का अब्दुसत्तोरोव से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी



पिछले मुकाबले में जीत से आत्मविश्वास हासिल करने वाले भारत के युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में उज्बेकिस्तान के अनुभवी और संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे। गुकेश ने पांचवें दौर में काले मोहरों से चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराया था। उन्हें लगातार दूसरे मुकाबले में काले मोहरों से खेलना होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहरों का रंग उनके प्रदर्शन पर असर डालता नहीं दिख रहा है। गुकेश टूर्नामेंट की शुरुआत में कुछ मौकों पर अच्छी स्थिति का पूरा फायदा नहीं उठा सके। शुरुआती दौर में जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ बेहतर स्थिति होने के बावजूद जीत दर्ज करने में नाकाम रहे गुकेश ने इसके बाद जॉर्डन वैन फॉरेस्ट के खिलाफ पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की। चार ड्रॉ और एक जीत के साथ तीन अंक लेकर गुकेश फिलहाल संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर चल रहे अब्दुसत्तोरोव, सिंदारोव और अमेरिका के हंस नीमन से केवल आधा अंक पीछे हैं।

### टाटा स्टील मास्टर्स का 88वां सत्र

टाटा स्टील मास्टर्स का यह 88वां सत्र है। इसमें 14 खिलाड़ियों के बीच 13 दौर की राउंड-रॉबिन प्रणाली में होने वाला यह टूर्नामेंट शतरंज की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में गिना जाता है। भारत के दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद इसे पांच बार जीत चुके हैं।



# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।





### परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी' साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370


*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

## महाअवतार नरसिम्हा का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज

**मुंबई।** भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्म अवॉर्ड-विनिंग एनिमेटेड फिल्म 'महाअवतार नरसिम्हा' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 24 जनवरी को होगा। अवॉर्ड-विनिंग एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में डायरेक्टर अश्विन कुमार ने कहा, 'महावतार नरसिम्हा जैसी एनिमेटेड फिल्म के लिए, किरदारों को जीवंत करने में वॉइस परफॉर्मेंस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमने अपने डबिंग कलाकारों का चयन करते समय बहुत सोच-समझकर काम किया, क्योंकि उनकी आवाजों को कहानी की भावना, तीव्रता और आध्यात्मिक गहराई को व्यक्त करने की जरूरत थी। मैं सच में उत्साहित हूं कि दर्शक सोनी मैक्स पर महावतार नरसिम्हा के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ इसे बड़े पैमाने पर अनुभव करेंगे, जो इस शक्तिशाली कहानी को देश भर के घरों में लाएगा।'





## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

**मुंबई।** 'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे।



## एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर' कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं।



CIN-U40108CT2003SGC015820GSTN Registration No. 22AADCC5773E1ZX
CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LTD.
CSPTCL
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
Office of the Executive Engineer (Workshop CSPTCL Bhilai)
E-Mail- Wsdn.bhilai@cspc.co.in Ph.No. 0788-2281446

No. EE/CWS/Tender/Veh./T-02/673 भिलाई, दिनांक 21/01/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

पारेषण कंपनी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | कार्यपालन अभियंता कर्मशाला संभाग छ.ग.रा. वि.पारे. कंपनी भिलाई के कार्यालयीन कार्यों के लिए एक नग वाहन SUV Category वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध पर (02 वर्ष) हेतु | दिनांक-12/02/2026 समय 17:00 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

उपरोक्त निविदा मे किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा तिथि विस्तार आदि की सूचना केवल विभागीय वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
कर्मशाला संभाग
संवाद- छ.ग.स्टेट पॉ. ट्रांस.कं.लि. भिलाई

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चि./क्रय/2026/1012 रायपुर दिनांक 22.01.2025

-: ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना :-

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के विभिन्न विभागों से संबंधित इम्प्लांट एवं सामग्री क्रय हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर निम्नानुसार सिस्टम में देखा जा सकता हैं।

| DETAIL | BID SUBMISSION START DATE | BID DUE DATE | PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE |
|---|---|---|---|
| 184250 CARDIOLOG Y DEPT. | 27 JAN 2026 5:30:00 PM IST | 06 FEB, 2026 12:00:00 PM IST | 06 FEB, 2025 12:30:00 PM IST |
| 184248 CTVS DEPT | 27 JAN 2026 5:30:00 PM IST | 06 FEB, 2026 03:00:00 PM IST | 06 FEB, 2025 03:30:00 PM IST |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति
G-252606251/1 चिकित्सालय रायपुर (छ. ग.)

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक
भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध
चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)

क्र./ अस्प.अधी./भ.क्रय /2026 487 राजनांदगांव दिनांक 21/01/2026

॥ द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ॥

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) में उपचारार्थ मरीजो व पेंशनरों के लिए औषधि भंडार में अनुपलब्ध अतिआवश्यक एवं जीवन रक्षित औषधियों, सर्जिकल, पट्टी बांधने की सामग्री/ कज्युमेबल सामग्री एवं पेंशनरों की दवाइयों की पूर्ति के लिए स्थानीय स्तर पर क्रय हेतु खुली निविदा के लिए स्थानीय चिल्हर दवा विक्रेताओं (फर्म) से सीलबंद निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भंडार से किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मूल्य - 1000 रु./ - (वापसी अयोग्य)।
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि - 19.01.2026 सुबह 10.30 बजे से।
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 30.01.2026 सायं 05:00 बजे तक।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - :02.02.2026 दोपहर 03:00 बजे तक।
05. निविदा खोले जाने की तिथि - 02.02.2026 सायं 04:00 बजे से।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा।

संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक
भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी
वाजपेयी स्मृति शा. चि. महा. सम्बद्ध
G-252606237/2 चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी)
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक / आब. / ठेका / 2025-26 / 193 कबीरधाम दिनांक 22/01/2026

लघु निविदा सूचना

कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसढ़ रायपुर का पत्र क्रमांक / आब. / ठेका / 2017/1121 रायपुर दिनांक 04.03.2017 एवं छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर का पत्र क्रमांक / सी.एस.एम.सी.एल / 127/ दु.कि. / 2025-26 / 5464 रायपुर दिनांक 15.09.2025 भवन / भूमि किराये पर लिये जाने हेतु जारी SOP के अनुसार देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान मवेशीबाजार के लिए सामान्य प्रयोग नियम 1 (1) के अनुरूप आपत्तिरहित स्थल पर भवन / भूमि किराये पर लिये जाने हेतु चतुर्थ निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | मदिरा दुकान का नाम | दुकान स्थापना हेतु निर्धारित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | देशी मदिरा दुकान मवेशीबाजार | नगर पालिका क्षेत्र / नगर पालिका क्षेत्र से लगे हुए सीमावर्ती ग्राम पंचायत क्षेत्र में आपत्तिरहित स्थल पर मदिरा दुकान हेतु पूरे साज-सज्जा से युक्त भवन / भूमि। |
| 2 | विदेशी मदिरा दुकान मवेशीबाजार | |

उपरोक्त मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन / भूमि किराये पर लिये जाने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड की जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी (कलेक्टोरेट) जिला- कबीरधाम (छ.ग.) से प्राप्त कर सकते है। जिसके लिये **निविदा प्रपत्र शुल्क - 1000 /- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट, जिला प्रबंधक सी. एस. एम. सी. एल. जिला - कबीरधाम (छ.ग.)** के नाम से, जमा कर दिनांक 03.02.2026 को समय पूर्वान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। मुहरबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 03.02.2026 समय दोपहर 2.00 बजे तक है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। किसी भी निविदा के स्वीकार / अस्वीकार करने का समस्त अधिकार समिति के पास होगा। कार्यालय में प्राप्त निविदा की तकनीकी बिड **दिनांक 03.02.2026 को समय शाम 4.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 05.02.2026 समय शाम 4.00 बजे** निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित) जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
G-252606235/2 जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें : एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोंथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें : मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोंपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% छूट
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# जोहो ने भारतीय उद्यमों के लिए पेश किया एआई से लैस स्वदेशी ईआरपी मंच

एजेंसी ▶▶| कुंभकोणम (तमिलनाडु)

घरेलू सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो ने शुक्रवार को भारतीय उद्यमों के लिए अपना नया स्वदेशी 'उद्यम संसाधन नियोजन' (ईआरपी) समाधान पेश किया। इसके जरिये कंपनी छोटे शहरों एवं कस्बों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के साथ वैश्विक कंपनियों को चुनौती भी देना चाहती है। ईआरपी एक सॉफ्टवेयर प्रणाली होती है जो किसी कंपनी या संगठन के सभी मुख्य कामकाज को एक जगह जोड़कर उसका प्रबंधन करने में मदद करती है। जोहो ने यह घोषणा तमिलनाडु के तंजावुर जिले के कुंभकोणम से की, जहां कंपनी अपनी मौजूदा करीब 200 कर्मचारियों की टीम को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 2,000 पेशेवरों की क्षमता वाले एक बड़े परिसर में बदलने की योजना बना रही है।

■ कंपनी छोटे शहरों एवं कस्बों में अपनी मौजूदगी बढ़ाएगी

### खास बातें

■ जोहो वैश्विक कंपनियों को चुनौती भी देना चाह रही

■ ईआरपी प्रणाली प्रबंधन करने में मदद करती है

### जोहो के स्वदेशी सॉफ्टवेयर का उपयोग

'स्वदेशी' सोच को बढ़ावा देते हुए पिछले साल केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की प्रस्तुति के लिए जोहो के स्वदेशी सॉफ्टवेयर 'जोहो शो' का इस्तेमाल किया था। जोहो का कहना है कि उसका नया ईआरपी समाधान तेजी से बढ़ते भारतीय कारोबार को ज्यादा लागत और जटिल ढांचे के बगैर विस्तार करने में मदद करेगा।



### एआई को अलग से जोड़ने की जगह मंच का हिस्सा बनाया

जोहो ईआरपी में कृत्रिम मेधा (एआई) को अलग से जोड़ने के बजाय मंच का ही हिस्सा बनाया गया है। इससे स्वचालन, भविष्य का अनुमान लगाने, गड़बड़ियों की पहचान और वित्त एवं संचालन से जुड़ी पूरी जानकारी एक ही जगह मिल सकेगी।

### ईआरपी विकसित करने में लगे पांच साल

वेम्बू ने कहा कि लगभग पांच साल में विकसित यह ईआरपी मंच जोहो के वित्तीय सॉफ्टवेयर के 15 साल के अनुभव पर आधारित है और कंपनी के लिए एक प्रमुख वृद्धि इंजन बनने की संभावना है। कंपनी ने कहा कि नया ईआरपी समाधान कुंभकोणम की टीम के सहयोग से विकसित किया गया है और आगे की वृद्धि भी इसी छोटे शहर से संचालित होगी। जोहो का यह कदम बीते एक साल में सरकार से मिली पहचान के अनुरूप है।

### वैश्विक ईआरपी प्रणाली का स्वदेशी विकल्प

जोहो कॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश दवे ने कहा कि यह नया समाधान वैश्विक ईआरपी प्रणालियों का एक मजबूत स्वदेशी विकल्प है। इस अवसर पर जोहो के संस्थापक और मुख्य वैज्ञानिक श्रीधर वेम्बू ने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी पर निर्भर होती जा रही दुनिया में देशों के लिए प्रौद्योगिकी मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करना आवश्यक है।

### ईआरपी मंच पहले भारत में होगा उपलब्ध

वेम्बू ने बातचीत में कहा कि यह ईआरपी मंच पहले भारत में उपलब्ध होगा और फिर चरणबद्ध तरीके से इसे वैश्विक स्तर पर पेश किया जाएगा। अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की कोई योजना नहीं होने पर वेम्बु ने कहा कि निजी कंपनी बने रहने से जोहो को शोध और विकास में भारी निवेश करने का मौका मिलता है।

## बिजनेस साइट

# स्वास्तिक ग्रुप के नए लक्जरी प्रोजेक्ट 'फ्लोरिया' की ग्रैंड लॉन्चिंग आज



रायपुर। शहर के तेजी से विकसित होते प्राइम लोकेशन सड्डू क्षेत्र में अब एक नया लक्जरी रेजिडेंशियल डेस्टिनेशन साकार होने जा रहा है। प्रतिष्ठित स्वास्तिक ग्रुप अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट 'फ्लोरिया' की ग्रैंड लॉन्चिंग आज एवं कल डेकाथलन के पीछे, सड्डू (अंबुजा मॉल के पास) स्थित प्रोजेक्ट साइट पर करने जा रहा है। इस अवसर पर स्वास्तिक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि नए वर्ष में ग्रुप ने हर महीने एक नए प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग का लक्ष्य तय किया है, जिसकी सशक्त शुरुआत जनवरी माह में 'फ्लोरिया' प्रोजेक्ट से की जा रही है। उन्होंने कहा कि फ्लोरिया उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो प्रीमियम लोकेशन, एक्सक्लूसिव डिजाइन और अल्ट्रा लक्जरी लाइफस्टाइल की तलाश में हैं। फ्लोरिया प्रोजेक्ट में सीमित यूनिट्स के साथ विशेष पेशकश की गई है, जिसमें 1100 से 2000 वर्गफीट के केवल 60 प्रीमियम प्लॉट, 3 एवं 4 बीएचके के 84 अल्ट्रा लक्ज़री फ्लैट उपलब्ध होंगे। सीमित उपलब्धता के कारण 'पहले आएं, पहले पाएं' के आधार पर बुकिंग की जाएगी। ग्रैंड लॉन्चिंग के अवसर पर बुकिंग कराने वाले ग्राहकों के लिए विशेष ग्रैंड लॉन्च ऑफर रखा गया है। स्पॉट बुकिंग पर प्रत्येक ग्राहक को आकर्षक उपहार भी प्रदान किया जाएगा। फ्लोरिया में विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ एक संपूर्ण और सुरक्षित जीवनशैली का अनुभव मिलेगा।

# क्लासिक ग्रुप के सभी प्रोजेक्ट्स में ग्राहकों को रजिस्ट्री फ्री ऑफर



रायपुर। रियल एस्टेट क्षेत्र में ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए क्लासिक ग्रुप ने अपने सभी आवासीय प्रोजेक्ट्स में रजिस्ट्री फ्री ऑफर की घोषणा की है। इस विशेष योजना के अंतर्गत अब घर, प्लॉट या फ्लैट खरीदने पर ग्राहकों को प्रॉपर्टी रजिस्ट्री पर होने वाले अतिरिक्त खर्च से पूरी तरह निजात मिलेगी। इस ऑफर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपने सपनों का घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है। बढ़ती महंगाई के दौर में यह स्कीम मध्यम वर्ग के खरीदारों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी। क्लासिक ग्रुप द्वारा विकसित सभी प्रोजेक्ट्स आधुनिक सुविधाओं, बेहतर लोकेशन और विश्वस्तरीय निर्माण गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं। रजिस्ट्री फ्री ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है, जिसके चलते बड़ी संख्या में ग्राहक साइट विज़िट कर स्पॉट बुकिंग के माध्यम से इस आकर्षक योजना का लाभ उठा रहे हैं। ग्रुप के प्रमुख प्रोजेक्ट्स में क्लासिक कैसल में प्रीमियम प्लॉट्स, सुमीत लैंडस्केप में प्लॉट्स तथा क्लासिक टॉवर्स में आधुनिक फ्लैट्स उपलब्ध हैं। इच्छुक खरीदारों की सुविधा के लिए बैंक फाइनेंस की व्यवस्था भी की गई है।

# अविनाश नियोपोलिस में प्रीमियम मॉडल अपार्टमेंट का शुभारंभ कल

रायपुर। रियल एस्टेट सेक्टर में अग्रणी अविनाश ग्रुप द्वारा अपने बहुप्रतीक्षित आवासीय प्रोजेक्ट अविनाश नियोपोलिस, भाटागांव में 3 एवं 4 बीएचके प्रीमियम अपार्टमेंट्स के मॉडल अपार्टमेंट का शुभारंभ कल सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर लांच किया जा रहा मॉडल अपार्टमेंट ग्राहकों को उनके सपनों के घर का वास्तविक अनुभव प्रदान करेगा। आधुनिक डिजाइन, बेहतरीन स्पेस प्लानिंग और प्रीमियम इंटीरियर से सुसज्जित यह मॉडल अपार्टमेंट शहरी जीवनशैली की नई झलक पेश करता है। अविनाश नियोपोलिस को विशेष रूप से उन परिवारों और निवेशकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जो लोकेशन, क्वालिटी और ब्रांड वैल्यू को प्राथमिकता देते हैं। भाटागांव जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में स्थित यह प्रोजेक्ट उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के साथ-साथ भविष्य के लिहाज से एक मजबूत निवेश विकल्प माना जा रहा है। मॉडल अपार्टमेंट के माध्यम से ग्राहक यह जान सकेंगे कि किस प्रकार डिजाइन, लेआउट और फिनिशिंग की बारीकियां एक परफेक्ट प्रीमियम होम का निर्माण करती हैं।

avinash NEOPOLIS


*3 एवं 4 बीएचके लग्जरी लिविंग का मिलेगा वास्तविक अनुभव*

# छंटनी के दौर में आईटी कंपनी इंफोसिस करने जा रही 20,000 ग्रेजुएट्स की भर्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में जहां दुनियाभर की कई बड़ी कंपनियां वर्कफोर्स में कटौती कर एआई में भारी निवेश की राह पर चल पड़ी हैं, वहीं आईटी सेक्टर से एक राहत देने वाली खबर सामने आई है। देश की प्रमुख आईटी कंपनी इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 2027 में करीब 20,000 ग्रेजुएट्स की भर्ती करने की योजना बनाई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक के दौरान कंपनी के सीईओ सलिल पारेख ने इस बात की पुष्टि की है। इन्फोसिस का यह बड़ा भर्ती प्लान इस बात का संकेत है कि आने वाले वर्षों में एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी से जुड़ी सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ने वाली है। सीईओ सलिल पारेख के मुताबिक, कंपनी के क्लाइंट्स की मांग तेजी से बदल रही है और अब उनका झुकाव एआई और ऑटोमेशन की ओर ज्यादा है। इन्फोसिस को सॉफ्टवेयर



डेवलपमेंट, कस्टमर सर्विस और एप्लिकेशन मॉडर्नाइजेशन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर नजर आ रहे हैं, जहां एआई की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि पिछले साल टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट समेत कई वैश्विक कंपनियों ने बड़े पैमाने पर छंटनी की थी, जिसके पीछे एआई में निवेश को प्रमुख वजह बताया गया।

इससे आईटी सेक्टर में करियर को लेकर युवाओं के मन में कई सवाल खड़े हो गए थे। ऐसे माहौल में इन्फोसिस की यह भर्ती योजना न सिर्फ भरोसा बढ़ाने वाली है, बल्कि यह भी दिखाती है कि एआई के साथ-साथ टैलेंट की अहमियत बनी रहेगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः सीपीएम - इंजी.-जीएसयु-बीएसपी-12-25-26, दिनांकः 21.01.2026.**

**कार्यः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में अनूपपुर रेलवे स्टेशन के उच्च स्तरीय प्लेटफार्म के उन्नयन/चौड़ाई के साथ प्लेटफार्म 3/4 से द्वितीय प्रवेश द्वार तक 12 मीटर चौड़े एफओबी (6 मीटर की चौड़ाई के साथ) का विस्तार और उसलापुर रेलवे स्टेशन पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म के उन्नयन/ चौड़ाई के साथ प्लेटफार्म 2/3 से द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर मौजूदा 6 मीटर चौड़े एफओबी का विस्तार। **निविदा मूल्यः** ₹ 29,12,64,308.93. **अमानत राशिः** ₹ 16,06,300.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 18 माह।

**निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 03.02.2026** से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 17.02.2026 के 15.00** बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

*उप मुख्य अभियंता गतिशक्ति/*
*सीपीआर/10/644 द.पू.म.रे.,बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सिगनलिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

**ई-निविदा संख्याः100-एसएनटी-परियोजना-निविदा-2026, दिनांकः 20.12.2025.**

**कार्य का नामः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिश्रामपुर, कमलपुरग्राम, अम्बिकापुर, मौहरी, हरद, पाराडोल, कोतमा, बिजुरी, करंजी, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, घुटकु, कलमीटार, प्लाउ एवं कुसुमुंडा स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने, सभी इनडोर और आउटडोर गियर्स, ओ.एफ.सी. (OFC) हट, एस.एंड.टी. (S&T) सेवा भवनों का निर्माण तथा एस. एंड टी. सेवा भवनों के विद्युतीकरण सहित संलग्न ब्लॉक सेक्शनों में केबल बिछाने का कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 241,71,65,169.87 (₹ दो सौ इकतालीस करोड़, इकहत्तर लाख, पैंसठ हजार, एक सौ उनहत्तर और सत्तासी पैसे मात्र)। **बिड सिक्युरिटी (अमानत राशि):** ₹ 1,20,85,900.00 (₹ एक करोड़, बीस लाख, पचासी हजार, नौ सौ मात्र)।

**निविदा बंद होने की तिथिः 12.03.2026 को 12:00** बजे तक।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण, ई-निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, उससे देख सकते है।

*उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी./*
*सीपीआर/10/635 (परि.-II)बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

**भारतीय स्टेट बैंक**
**State Bank of India**
हर भारतीय का बैंक
THE BANKER TO EVERY INDIAN

**हमारे सम्माननीय ग्राहकों के लिए सूचना**

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) ने 26 जनवरी, 2026 की मध्यरात्रि से 27 जनवरी, 2026 की मध्यरात्रि तक राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का नोटिस दिया है।

बैंक प्रबंधन हड़ताल की अवधि के दौरान शाखाओं/कार्यालयों में सीमित सेवाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तथापि, सामान्य कामकाज प्रभावित होने की स्थिति में ग्राहकों को असुविधा हो सकती है।

अतः ग्राहकों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए हड़ताल की तिथि से पहले अपने बैंकिंग लेन-देन की योजना बनाएं और उन्हें पूरा करें। ग्राहकों को नकदी संबंधी आवश्यकताओं के लिए एटीएम (ATM) का उपयोग करें और लेन-देन के लिए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य डिजिटल बैंकिंग चैनलों को प्राथमिकता देने की सलाह दी जाती है।

प्रस्तावित हड़ताल के कारण ग्राहकों को होने वाली असुविधा के लिए बैंकों को खेद है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, छत्तीसगढ़
(संयोजक- भारतीय स्टेट बैंक)



## जैकेट के शेष

### रायपुर में फिर दिखा ....

**रात 11 बजे तक गूंजता रहा शोर** : शाम 6 बजे तक स्टेडियम 70 प्रतिशत भर चुका था। टॉस के बाद जैसे ही टीमें मैदान पर उतरीं, दर्शकों का शोर शुरू हुआ जो रात 11 बजे तक थमा नहीं। मैच के दौरान रोमांच अपने चरम पर था। भारतीय गेंदबाजों द्वारा लिए गए हर विकेट पर दर्शकों ने जमकर जश्न मनाया, वहीं न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के चौके-छक्कों पर भी खेल भावना दिखाते हुए तालियां बजाईं। पूरे मैच के दौरान फैंस तिरंगा लहराते हुए टीम इंडिया का हौसला बढ़ाते रहे।

**न्यूजीलैंड की मजबूत शुरुआत और दर्शकों का जोश** : मैच के पहले ओवर से ही न्यूजीलैंड ने आक्रामक रुख अपनाते हुए मजबूत शुरुआत की। शुरुवात के दो ओवर में ही 6 चौके लगे । कीवी बल्लेबाजों के चौके-छक्कों पर स्टेडियम में शोर थोड़ा कम था, लेकिन जैसे ही तीसरे ओवर से भारतीय गेंदबाजों ने विकेट चटकाए, दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया। हर गेंद फेंके जाने से पहले फैंस तालियों और नारेबाजी के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते नजर आए।खिलाड़ियों के जबरदस्त फील्डिंग ने सभी का जोश बढ़ा दिया।

**रायपुर में दिखा ओस का प्रभाव** : नागपुर मैच के विपरीत, रायपुर में ओस का प्रभाव स्पष्ट रूप से पहले पारी से देखने को मिला। हर तीन ओवर में रस्सी की मदद से ओस हटाई जा रही थी। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया ताकि नई गेंद से मिलने वाली स्विंग का फायदा उठाया जा सके। भारतीय गेंदबाजों को शुरुआती मदद मिली भी, लेकिन न्यूजीलैंड ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर पहले 3 ओवर में ही अच्छी बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन पावर प्ले ख़त्म होने तक दो विकेट गिरने से टीम इंडिया मजबूर स्थिति में बना चुकी थी।

### रायपुर में भारतीय धरती .....

बेहद खास था, क्योंकि यह टीम इंडिया का भारतीय धरती पर खेला गया 100वां टी-20 इंटरनेशनल मैच था। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए फैंस दोपहर 3 बजे से ही स्टेडियम जुटने लगे थे। शाम 5 बजे जैसे ही भारत और न्यूजीलैंड की टीमें होटल से स्टेडियम पहुंचीं, फैंस अपने चहेते सितारों की एक झलक पाने को बेताब हो गए। नन्हे प्रशंसक भी हाथों में पेंटिंग और पोस्टर लिए अपने हीरोज का स्वागत करते नजर आए। स्टेडियम पहुंचते ही दोनों टीमों ने वार्म-अप शुरू कर दिया।

### मैच से पहले टीम इंडिया....

का आनंद लिया। खिलाड़ियों ने सफारी के दौरान अभ्यारण्य की प्राकृतिक सुंदरता को निहारा और समृद्ध जैव-विविधता का करीब से अनुभव किया। गौरतलब है कि इससे पहले भी सीरीज के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया था। खिलाड़ी मैच के तनाव से दूर प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताते नज़र आए।

**ठंड में पहुचे बारनवापारा** : , जब खिलाड़ियों को जानकारी मिली कि रायपुर से कुछ ही दूरी पर (करीब 100 किमी) प्रसिद्ध बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य स्थित है, तो उन्होंने तुरंत वहाँ जाने की इच्छा जताई। इसके बाद, पुलिस सुरक्षा के बीच खिलाड़ी सुबह-सुबह ही अभ्यारण्य पहुँच गए।सुबह के वक्त कड़कड़ाती ठंड थी, लेकिन इसके बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था। सफारी के दौरान उन्होंने पूरे जंगल का भ्रमण किया और उन्हें कई जंगली जीव-जंतुओं को करीब से देखने का मौका भी मिला।

### सीएम साय बोले- राष्ट्र ....

समाज को दिशा देता है, आशा जगाता है, निराशा से उबारता है और जीवन जीने का साहस प्रदान करता है। श्री हरिवंश ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भारत आज स्टील, चावल उत्पादन और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देश की आत्मनिर्भरता से दुनिया को नई दिशा मिली है और इस राष्ट्रीय शक्ति के पीछे साहित्य की सशक्त भूमिका रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है और इस पावन भूमि पर तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का शुभारंभ होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने देशभर से आए साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि रायपुर साहित्य उत्सव 2026 साहित्य का एक महाकुंभ है, जिसमें प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों से आए 120 से अधिक ख्यातिप्राप्त साहित्यकार सहभागिता कर रहे हैं। आयोजन के दौरान कुल 42 सत्रों में समकालीन सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विषयों पर गहन विमर्श होगा। यह समय गणतंत्र के अमृतकाल और छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष का है, इसी भाव के अनुरूप इस उत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम की तुलना समुद्र मंथन से करते हुए कहा कि जिस प्रकार समुद्र मंथन में विष और अमृत दोनों निकले, उसी प्रकार स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे सेनानियों ने विष रूपी कष्ट स्वयं सहकर आने वाली पीढ़ियों को आज़ादी का अमृत प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हमारे अनेक स्वतंत्रता सेनानी लेखक, पत्रकार और वकील भी थे। माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा बिलासपुर जेल में रचित पुष्प की अभिलाषा जैसी रचनाओं ने देशवासियों को प्रेरित किया। माधवराव सप्रे की कहानी एक टोकरी भर मिट्टी को हिंदी की पहली कहानी माना जाता है। मुख्यमंत्री ने पंडित लोचन प्रसाद पांडेय, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी और गजानन माधव मुक्तिबोध जैसे साहित्यकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी स्मृतियों को सहेजना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। राजनांदगांव में त्रिवेणी संग्रहालय का निर्माण इसी भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रायपुर साहित्य उत्सव के मंडपों को विनोद कुमार शुक्ल, श्यामलाल चतुर्वेदी, लाला जगदलपुरी और अनिरुद्ध नीरव जैसे महान साहित्यकारों को समर्पित किया गया है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और साहित्य को नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि कविता अन्याय के विरुद्ध प्रतिरोध करना सिखाती है और यही साहित्य की वास्तविक शक्ति है।

### हार्डकोर 9 नक्सलियों ....

का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

**आटोमेटिक हथियार लाए थे** : माओवादी अपने साथ इंसास राइफल 2 नग-3 मैगजीन, एसएलआर राइफल 2 नग-4 मैगजीन, कर्बाइन 1 नग-2 मैगजीन, भरमार बंदूक 1 नग, रेडियो सेट 1 नग (वाकी टाकी) सहित दैनिक उपयोगी सामान लाए थे।

### चारधाम के कपाट ....

यमुनोत्री की यात्रा है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि चारधाम यात्रा करने से सभी पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में हर व्यक्ति को कम से कम एक बार चारधाम यात्रा करने की सलाह दी जाती है।

### मोबाइल ले जाने ....

जिला प्रशासन मिलकर मोबाइल फोन को सुरक्षित रूप से जमा कराने की विशेष व्यवस्था करेंगे।

### हरिभूमि-आईएनएच का ....

अल्का बाघमार सहित कांग्रेस की ओर से जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, राकेश ठाकुर और धीरज बाकलीवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित कई बड़ी हस्तियां भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के द्वारा किया जाएगा। उनके द्वारा स्वास्थ्य विषय पर आईपी मिश्रा, शिक्षा पर सोनल रुंगटा, कृषि विषय पर अनिल शर्मा, उद्योग मामलो में केके झा और विकास कार्यों को लेकर मंत्री गजेंद्र यादव से सवाल किए जाएंगे। कार्यक्रम में भारती कॉलेज के संचालक सुनील चंद्राकर, शकुंतला ग्रुप के संचालक संजय ओझा, एसआर हॉस्पिटल के संचालक संजय तिवारी, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के संचालक बृजमोहन उपाध्याय, आरोग्यम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. नवीन दारुका, स्पर्श हॉस्पिटल के संचालक डॉ. दीपक वर्मा और डॉ. संजय गोयल सहित सहित शहर के पार्षद, व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### अंबानी के 'धोखे' पर ....

जांच पर 10 दिनों के भीतर सीलबंद लिफाफे में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का सख्त निर्देश दिया है। याचिका में दावा किया गया है कि समूह की कंपनियों ने बैंकिंग सिस्टम का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर हेराफेरी की है। अब सबकी नजरें 10 दिन बाद होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

## पेज एक के शेष

### पूर्व नेत्रहीन छात्र .....

में भक्ति घोलती रही। बसंत पंचमी सरस्वती पूजा के दिन शुक्रवार को हवन और माँ सरस्वती के पूजन के साथ इस अनुष्ठान की पूर्णाहुति भोग भंडारे के साथ हुई। वर्तमान में नेत्रहीन विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के साथ पूर्व छात्रों ने यह आयोजन किया। पुराने छात्रों ने वर्तमान में पढ़ रहे बच्चों व शिक्षकों के साथ अपनी यादें ताजा की।

### यूरोपीय यूनियन ने ....

समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल दोनों देश अभी कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म जैसे विवादित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए बात कर रहे हैं।

**भारत-ईयू में ट्रेड डील भी संभव** : भारत और ईयू के बीच 27 जनवरी को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन हो सकते हैं। इसके लिए दोनों देश कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। पहले यूरोपीय संसद को हां करनी होगी।

### बसंत पंचमी के दिन शराब....

बताया जा रहा है कि लखनपुर विकासखंड के गुमगरा के प्राथमिक शाला जूनापारा में पदस्थ बुद्धेश्वर दास शिक्षक के पद पर पदस्थ है। शिक्षक आदतन शराबी है और आए दिन शराब के नशे में ही स्कूल पहुंचता है जिससे ग्रामीण काफी परेशान है और बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। वहीं शुक्रवार को सरस्वती पूजा के दिन भी शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच गया। इस दौरान शिक्षक के नशे में धुत होकर घुमते देख अभिभावक और ग्रमीणों ने वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। शिक्षक की इस हरकत से ग्रामीण भी काफी परेशान है।

### एल-1 के बाद एल-2...

सख्त रुख अपनाने हुए दवा की सप्लाई रोककर कंपनी से अनुबंध समाप्त किया था। इसके बाद एल-2 वाली कंपनी को दवा सप्लाई का आर्डर दिया गया। करीब आठ महीने बाद इसकी दवा को लेकर भी शिकायत हुई और दवा निगम ने तत्काल एहतियात बरतते हुए रायपुर और बलौदाबाजार जिलों के स्वास्थ्य केंद्रों से संबंधित दवा वापस मंगाने आर्डर जारी किया है। पेट से कृमि हटाने वाली इस दवा के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। सूत्रों के मुताबिक सीजीएमएससी इस दवा की खरीदी के लिए नया टेंडर जारी कर खरीदी की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। इन दवाओं के जरिए प्रदेश में विभिन्न तरह के अभियान चलाए जाते हैं। अगले माह फरवरी में फाइलेरिया के अभियान में भी कुछ जिलों में इस दवा का डोज भी शामिल किया गया है।

## अमेरिकी स्वास्थ्य और विदेश विभाग ने किया ऐलान

# अमेरिका ने डब्लूएचओ से खुद को किया बाहर जिनेवा मुख्यालय से अपना झंडा भी हटाया

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका ने खुद को विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ से अलग कर लिया है। अमेरिकी स्वास्थ्य और विदेश विभाग ने बयान जारी कर इस बात का ऐलान कर दिया है कि अमेरिका अब आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूएचओ का सदस्य नहीं है। जिनेवा स्थित डब्ल्यूएचओ मुख्यालय के बाहर से अमेरिका का झंडा भी अब हटा दिया गया है। अमेरिका ने कहा है कि हम डब्ल्यूएचओ के साथ सीमित स्तर पर काम करेंगे, ताकि इस संगठन से अलग होने की प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल होने की भी हमारी कोई योजना नहीं है। अमेरिका ने साफ कहा है कि हम बीमारियों की निगरानी और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों की बजाय अन्य देशों के साथ मिलकर काम करेंगे. अमेरिका ने यह भी कहा है कि उसका यह फैसला कोविड-19 महामारी के प्रबंधन में संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी की विफलताओं को दर्शाता है।




### 26 करोड़ डॉलर चुकाना होगा यूएस को

वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इससे अमेरिका, विश्व स्वास्थ्य संगठन और दुनिया के लिए खतरा पैदा होगा। यह एक अमेरिकी कानून का उल्लंघन भी है, जिसके तहत वाशिंगटन को संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी को देय 26 करोड़ डॉलर चुकाना होगा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि सूचना को नियंत्रित करने, प्रबंधित करने और साझा करने में डब्ल्यूएचओ की विफलता के कारण अमेरिका को खरबों डॉलर का नुकसान हुआ है और राष्ट्रपति ने डब्ल्यूएचओ को भविष्य में किसी भी प्रकार की सरकारी निधि, समर्थन या संसाधन के हस्तांतरण को रोकने के लिए अपने अधिकार का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी जनता ने इस संगठन को पहले ही बहुत कुछ दिया है और यह आर्थिक झटका संगठन के प्रति किसी भी वित्तीय दायित्व की अग्रिम राशि से कहीं अधिक है।'

### फैसले का होगा यह वैश्विक असर

अमेरिका के हटने से वे प्रणालियां और सहयोग कमजोर होंगे जिन पर दुनिया स्वास्थ्य खतरों का पता लगाने, रोकथाम करने और उनका जवाब देने के लिए निर्भर करती है। अमेरिका के अलग होने की घोषणा के बाद से संस्था के लिए बजट संकट पैदा हो गया है। उसने प्रबंधन टीम को आधा कर दिया है और काम को सीमित कर दिया है। साथ ही पूरे संगठन के बजट में कटौती की है। वाशिंगटन पारंपरिक रूप से संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी का सबसे बड़ा वित्तीय समर्थक रहा है। वह इसके कुल वित्त पोषण का लगभग 18 प्रतिशत योगदान देता है।

## बसंत पंचमी का उल्लास...



पटना। पटना, बिहार में शुक्रवार को सरस्वती पूजा और बसंत पंचमी के मौके पर छात्र रंगों से खेलते हुए।

## यूपी में ब्लैकआउट, 75 जिलों में काटी गई बिजली

**लखनऊ।** यूपी के सभी 75 जिलों में 23 जनवरी को ब्लैकआउट हो गया। जैसे ही शाम छह बजे तो बिजली काट दी गई। जिससे पूरे प्रदेश में अंधेरा छा गया और सायरन बजने शुरू हो गए। दरअसल पूरे प्रदेश में आतंकी हमलों को लेकर हमेशा तैयार रहने के लिए मॉक ड्रिल की गई है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित यह 10 मिनट का ब्लैकआउट एक मेगा मॉक ड्रिल का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आतंकी गतिविधियों और भविष्य में किसी भी संभावित हवाई हमले जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को परखना था। सायरन बजते ही सड़कों पर पुलिस की सायरन वाली गाड़ियां और प्रशासन की टीमें सक्रिय हो गईं। बरेली, मेरठ, लखनऊ, कानपुर समेत प्रमुख शहरों में चौराहों पर पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा, एडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने समन्वय का प्रदर्शन किया। ब्लैकआउट और मॉकड्रिल को लेकर प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यह केवल एक अभ्यास है, ताकि जनता में किसी प्रकार का भय न फैले।

**कांग्रेस ने खड़े किए सवाल**

## दावोस में महाराष्ट्र सरकार का 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश का दावा झूठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

.कांग्रेस ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान महाराष्ट्र सरकार द्वारा किए गए 30 लाख करोड़ रुपये के भारी-भरकम निवेश के दावों पर कड़े सवाल खड़े किए हैं। पार्टी ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों में करीब 50 लाख करोड़ रुपये निवेश आने का दावा किया गया है, जो महाराष्ट्र की जीडीपी के बराबर है। पार्टी ने इन आंकड़ों को वास्तविकता से कोसों दूर बताते हुए कहा कि इतने अधिक निवेश का जमीनी स्तर पर कोई ठोस परिणाम दिखाई नहीं देता। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर फर्ज़ी आंकड़ों के जरिए जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि असल में कितनी कंपनियों ने महाराष्ट्र की धरती पर उत्पादन का काम शुरू किया है। तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक का उदाहरण देते हुए अतुल लोंढे पाटिल ने कहा कि इन राज्यों की सरकारों ने दावोस में अपनी स्पष्ट औद्योगिक नीतियां पेश कीं।

### पुराने दावों का किया जिक्र

लोंढे ने विस्तार से बताया कि पिछले तीन सालों में 50 लाख करोड़ रुपये के अलावा 2018 में भी 'मैग्नेटिक महाराष्ट्र' सम्मेलन में 16 लाख करोड़ रुपये का निवेश आने का दावा किया गया था। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि अगर सचमुच इतना निवेश हुआ है तो महाराष्ट्र का 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण खत्म हो जाना चाहिए, किसानों का कर्ज माफ हो जाना चाहिए और 'लाडकी बहिन' योजना में महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की जगह 2,100 रुपये मिलने चाहिए, लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है।

## वाहन से वाहन संचार के लिए अब 30 गीगाहर्ट्ज़ रेडियो फ्रीक्वेंसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की गई। इस बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और अजय टम्टा भी मौजूद रहे। गडकरी ने समिति को बताया कि दूरसंचार विभाग द्वारा वाहन-से-वाहन संचार प्रणालियों के विकास के लिए 30 गीगाहर्ट्ज़ रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटित की गई है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में कमी आएगी। बैठक का मुख्य विषय 'सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में कमी लाने के उपाय' रहा, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जान बचाने के लिए बहु-आयामी एवं समन्वित दृष्टिकोण पर बल दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा बढ़ाने और दुर्घटनाएं कम करने के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी समिति को दी।

### गडकरी ने दी जानकारी, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने पहल

इसके बाद अवर सचिव (परिवहन) द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें सड़क सुरक्षा के चार स्तंभों-इंजीनियरिंग, प्रवर्तन, शिक्षा और आपातकालीन देखभाल के तहत प्रमुख पहलों को रेखांकित किया गया। प्रस्तुति में अब तक की उपलब्धियों, मौजूदा चुनौतियों तथा वर्तमान उपायों को सुदृढ़ करने और नई सड़क सुरक्षा पहलों को शुरू करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6118



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 6117 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6128

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6127 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |


The sparrow doesn't read brochures.
It doesn't check prices or plans.
It simply knows — this tree, this sky,
this water, this air.
Trust what feels right.
Trust what feels like home.
Floréa — The Nature's Finest
FLORÉA
THE NATURE'S FINEST
SITE ADDRESS
SADDU, RAIPUR
NEAR AMBUJA MALL
BEHIND DECATHALON
LAUNCHING TODAY
24-25 JANUARY 2026
SPECIAL OFFERS
Receive Assured Gifts on every Booking
5 ACRES OF LUXURIOUS DEVELOPMENT
PREMIUM PLOTS
1,100 SQ. FT - 2,000 SQ. FT
LUXURY FLATS
3 & 4 BHK FLATS
SHOPS
400-500 SQ. FT
CORPORATE OFFICE
3rd floor, Shubham Corporate,
Infront of Airtel Office,
Telibandha, Raipur (C.G.) 492001
E-mail: shriswastikgrp@gmail.com
PCGRERA150126002027
www.shriswastikgroup.com
DEVELOPED AND PROMOTED BY
SHRI SWASTIK GROUP
THE SIGN OF TRUST
IN ASSOCIATION WITH
BDA GROUP
SWARNAM DEVELOPERS
MARKETED BY
NIVESH WEL
Investment of Trust
CALL FOR MORE DETAILS
74008 40000
Prospective purchasers are strongly advised to conduct independent verification of all details–including architectural plans, specifications, amenities, pricing structures, payment schedules, and sale terms–directly with Shri Swastik Group before making any purchase commitment.

MATS UNIVERSITY ready for life

# MATS UNIVERSITY

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

CHHATTISGARH'S FIRST AND ONLY STATE PRIVATE UNIVERSITY ACCREDITED WITH A+ GRADE BY NAAC

## रायपुर में प्रथम | छत्तीसगढ़ में विशिष्ट

सीखने की कोई सीमा नहीं।
डिग्री में कोई समझौता नहीं।

छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय जो नियमित (Regular), दूरस्थ (Distance) और ऑनलाइन (Online) तीनों माध्यम में कार्यक्रम संचालित करता है।

## प्रवेश प्रारंभ 2026-27

UGC-DEB से अनुमोदित

### शिक्षा अब आपके द्वार, घर बैठे मान्यता प्राप्त डिग्री पायें

### मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एम.बी.ए. | एम.सी.ए. | बी.ए. | एम.ए. अंग्रेजी | बी.सी.ए. | एम.एस.सी. रसायन विज्ञान |
| बी.लिब.आई.एससी. | एम.एस.डब्ल्यू | बी.कॉम. | एम.एस.सी गणित | डी.सी.ए. | एम.ए. हिंदी |
| एम.लिब.आई.एससी. | बी.एस.सी. (सामान्य) | बी.बी.ए. | एम.ए. शिक्षा | पी.जी.डी.सी.ए. | एम.कॉम. |

www.matsodl.com Call Toll Free : 8152079999 Mob: 9109850103, 8827640377

### ONLINE PROGRAMS

MBA | MCA | BBA | BCA | B.Com. | DCA | PGDCA

www.matsuniversityonline.com Call Toll Free : 8152079999 Mob: 9109850103, 8827640377

### अपनी गति से पढ़ें।

अपने करियर को नई दिशा दें।
विज्ञान से लेकर प्रबंधन तक, तकनीक से लेकर मानविकी तक
मैट्स यूनिवर्सिटी देता है
आपको लचीलापन, विश्वसनीयता और गुणवत्ता।

### MATS ODL एवं Online क्यों चुनें?

UGC-DEB मान्यता | NAAC A+ GRADE

- विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विकसित इन-हाउस SLM (Self Learning Material)
- प्रिंट + डिजिटल + LMS आधारित अध्ययन
- सतत मूल्यांकन एवं सुदृढ़ परीक्षा प्रणाली
- कार्यरत पेशेवरों, शिक्षकों एवं करियर उन्नति चाहने वालों के लिए उपयुक्त

### ADMISSION OPEN

REGULAR PROGRAMS 2026-27 BATCH

Management | Engineering | Law | Pharmacy | Science | Psychology | Commerce | Information Technology | English | Education | Social Work | Physical Education | Fashion & Interior Design | Library Science | Hindi

### Ph.D. Entrance Exam Notification

MATS University, Raipur hereby notifies that applications are invited for admission to the full time and Part time Doctor of Philosophy (Ph.D.) Programme for the Academic Session 2026, through the Ph.D. Entrance Examination – 07th February 2026.

- Forensic Science
- Pharmacy
- Chemistry
- Biotechnology
- Microbiology
- Biochemistry
- Bio Science
- Computer Science & Appl. (IT)
- Mathematics
- Commerce
- Physical Education
- Yoga
- Management
- English
- Hindi
- Political Science
- Fashion Designing
- Psychology
- Social Work
- Library & Inf. Sc.
- Law
- Education
- Engineering (Mechanical/ Computer Science/ Civil/ Electrical/ Electronics & Communication/ Applied Geology)

For Registration & Information please visit:
www.matsuniversity.ac.in
Call on Mobile +91 7880001772, +91 9109850103, +91 93002 09515
Land Line: 0771- 4078994,95 and 96

EXAMINATION CENTER:
Raipur Campus, MATS Tower, Pandri, Raipur - 492 004

Date of Examination : 07-02-2026
Time of Written Examination : 11:00A.M. to 1:00 P.M.
Time of Interview : 2-00 P.M. to 5-00 P.M.

FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999

ADMISSION OFFICE : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
UNIVERSITY CAMPUS : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
Tel : 0771 4078995, 96, 98 Mob: 9109951184, 9755199381, 9109994500 Web: www.matsuniversity.ac.in


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com